* ओड़िशा संस्करण

18 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 207

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

Wild Waadi Water Park
WATER PARK, TRAMPOLINE PARK, BIRD PARK, AMUSEMENT PARK & ZIP LINE
INR 300 (MON - FRI)
INR 400 (SAT - SUN & HOLIDAYS)
Call Us 9304816880

अंदर पढ़ें
आरक्षण बदल कर सपा-कांग्रेस पाप करना चाहती है: नरेंद्र मोदी
साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया : कल्पना सोरेन
अपना बेटा सौंप रही, राहुल आपको निराश नहीं करेंगे : सोनिया गांधी

## गृह मंत्री अमित शाह ने रांची में किया रोड शो, लगा जयकारा

# जय श्री राम..., अबकी बार 400 पार



राजीव

- जोश, जुनून और उत्साह का सैलाब
- जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे
- एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे लोग

### झंडा और पीएम का मुखौटा लगाये दिखे कार्यकर्ता

हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पार्टी का झंडा और मोदी का मुखौटा लगाकर जयकारे लगाते रहे। रोड शो को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ा। इससे पहले रोड शो जैसे ही शुरू हुआ, विजयी भवः भाजपा लिखा एक पोस्टर लेकर महिला पर अमित शाह की नजर पड़ी। उन्होंने हाथ हिलाकर अभिवादन किया, तो महिला ने प्रणाम किया। अमित शाह का रोड शो धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था। जगह-जगह मंत्रोच्चार और शंखनाद हो रहा था।

### हाथ में कमल चुनाव चिह्न

अमित शाह के रथ पर सांसद सह रांची के प्रत्याशी संजय सेठ भी थे। उनके हाथ में कमल फूल का चुनाव चिह्न था। लोग प्रभु श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। इधर, माइक से गाना भी बज रहा था कि जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे...। साथ ही झारखंडी गीत-संगीत से सराबोर रोड शो का अदभुत नजारा दिखा। पुलिस सड़क के अलावा छतों पर भी तैनात दिखी। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा का चाक-चौबंद इंतजाम था। इस दौरान नवीन जयसवाल, संजीव विजयवर्गीय, राजीव रंजन मिश्रा समेत अन्य भाजपा नेता भी थे।

**रांची (आजाद सिपाही)।** जय श्री राम...। अबकी बार 400 पार। रांची के चुटिया इलाके की यह गूंज केवल राजधानी ही नहीं, झारखंड के अन्य हिस्सों तक भी पहुंच गयी। मौका था-अमित शाह का रोड शो। रांची में यह भाजपा का दूसरा रोड शो था। पहला रोड शो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची में एयरपोर्ट से राजभवन पहुंचने के क्रम में किया था। मोदी के रोड शो की भीड़ और शाह के रोड शो की भीड़ के उत्साह में बहुत बड़ा अंतर नहीं था। लोगों में वही उत्साह। वही उमंग। भाजपा को 400 पार पहुंचाने की वही तमन्ना थी। अमित शाह के साथ भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ भी थे। लोगों की खुशी, शाह की एक झलक देखने का प्रयास और मोबाइल में लम्हों को कैद करने की होड़ दिखी।

गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार शाम को रांची पहुंचे। चुटिया में रोड शो हुआ। चुटिया के इंदिरा गांधी चौक से शाम 5.28 बजे रोड शो शुरू हुआ। दो किलोमीटर लंबा गृह मंत्री अमित शाह का रोड शो करीब सवा घंटा में पूरा हुआ। ढोल, नगाड़ा, मांदर की थाप पर पारंपरिक वेशभूषा पहने लोगों का हुजूम चुटिया की सड़कों पर आकर्षण का केंद्र बना रहा। जीप के आगे-आगे भीड़ गृह मंत्री के चेहरे की मुस्कान की वजह बनी। इस दौरान विक्ट्री का साइन दिखाते हुए अमित शाह भीड़ को धीरे-धीरे आगे बढ़ने के लिए इशारा कर रहे थे। राम मंदिर के पास पहुंचने पर अमित शाह का भव्य स्वागत किया गया। वहीं, रोड शो के दौरान चुटिया की महिलाओं ने अपने-अपने घरों की बालकोनी से गृह मंत्री की आरती उतारी। आलम यह रहा कि सड़क के दोनों ओर खचाखच भीड़ थी और लोग हाथों में भाजपा के झंडे और नरेंद्र मोदी का कट आउट लिये हुए थे। वह लोगों पर पुष्प वर्षा भी कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर उपस्थित भीड़ उन पर फूल बरसा रही थी। रोड शो के यात्रा मार्ग की दोनों ओर की सड़क भगवामय हो गयी थी।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2024
Empowering students for a brighter future
B.TECH PROGRAMMES IN ELECTRONICS
Electrical & Electronics Engineering
Electronics & Communication Engineering
APPROVAL & RECOGNITIONS
Approved by UGC & AICTE
Re-accredited by NAAC with A++ Grade
Accredited by NBA
Ranked in QS World Rankings 2024
NIRF INDIA RANKINGS 2023
15th Best in University Category
27th Best in Engineering Category
To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

### चंद्रयान-3 के बाद अब मंगलयान-2 की बारी

**नयी दिल्ली।** इसरो जल्द ही नया ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित करने वाला है। अब मंगल ग्रह पर रोवर और हेलीकॉप्टर उतारने का लक्ष्य है। इस प्रयास में अब तक केवल अमेरिका और चीन को ही सफलता मिली है। ऐसे में अंतरिक्ष की दुनिया में बड़े खिलाड़ी के रूप में भारत अपनी पहचान बनायेगा। इसरो के इस नये प्रोजेक्ट का नाम मंगलयान-2 रखा गया है।

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand
Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## स्वाति मालीवाल ने एफआइआर में लगाया आरोप

# 'मुझे सात-आठ थप्पड़ मारे, शरीर के निचले हिस्से पर लात मारी'

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने कुछ दिनों पहले आरोप लगाये थे कि उनके साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर सीएम के सहयोगी बिभव कुमार ने मारपीट और बदसलूकी की थी। इस मामले में शुक्रवार को पुलिस ने स्वाति मालीवाल का मजिस्ट्रेट के सामने बयान कलमबंद कराया। स्वाति मालीवाल ने एफआइआर में बिभव कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं।

स्वाति मालीवाल की ओर से दर्ज करायी गयी एफआइआर में कहा गया है कि बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल को कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे। स्वाति जब मदद के लिए चिल्लाने लगीं, तब भी बिभव नहीं रुके। स्वाति ने बताया कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं, लेकिन बिभव नहीं रुका। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआइआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने बिभव कुमार को आरोपी बनाया था।

### जांच के लिए पुलिस केजरीवाल के आवास पहुंची



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। स्वाति मालीवाल से बदसलूकी और मारपीट का शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया। दावा किया जा रहा है कि यह सीएम आवास का है। मारपीट के बाद स्वाति सोफे पर बैठी हैं। बिभव बाहर निकले और दिल्ली पुलिस की तरफ से तैनात सिक्योरिटी पर्सनल को अंदर भेजा। बिभव ने स्टाफ से कहा कि स्वाति मालीवाल को बाहर निकाला जाये। 'आजाद सिपाही' इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। हालांकि इस बीच दिल्ली पुलिस और फोरेंसिक की टीम सीएम आवास पहुंची। ये टीमें यहां से साक्ष्य इकट्ठा करने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक टीम ने सीसीटीवी फुटेज भी चेक करने के अलावा वहां मौजूद कर्मचारियों का बयान लिया है। चर्चा है कि पुलिस स्वाति को लेकर सीएम आवास जायेगी और वहां क्राइम सीन रीक्रिएट किया जायेगा।

# आलमगीर आलम को इडी ने लिया रिमांड पर, हुई पूछताछ

### इडी के सवाल में उलझ रहे हैं मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने शुक्रवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से रिमांड पर ले लिया है। इडी की टीम मंत्री आलमगीर को लेकर एयरपोर्ट रोड स्थित इडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। इडी के अधिकारियों ने उनसे टेंडर कमीशन सहित अन्य मामले में पूछताछ की। आलमगीर आलम शुक्रवार से अगले छह दिनों तक इडी की रिमांड पर रहेंगे। इसके बाद रिमांड खत्म होने पर इडी उन्हें कोर्ट में पेश करेगी। इस बीच आलमगीर आलम के मंत्री पद से इस्तीफा देने पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। गौरतलब है कि इडी ने 6 मई को आलमगीर के निजी सचिव संजीव लाल उसके नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किया था। इसके बाद आलमगीर आलम को समन भेज कर दो दिन पूछताछ की गयी और गिरफ्तार किया गया था। उन्हें गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया था। इडी का दावा है आलमगीर हर टेंडर में 1.50 फीसदी कमीशन लेते थे। कोर्ट ने इडी को पूछताछ के लिए छह दिन की रिमांड दी है।

आयुर्वेदिक क्षारसूत्र एवं अग्नि कर्म द्वारा सफल ईलाज शुरू
AVOID SRUGERY
• PILES
• FISTULA
• FISSURES &
• PILONIDAL SINUS
आयुर्वेद की युक्ति रोग से मुक्ति
PILES CURE CENTER
& SHIVAY AYURVEDA CHIKITSALYA
समपर्क करें
9162732562, 7004764956
Near Madan Dhaba, Kokar, Ranchi

OXFORD PUBLIC SCHOOL
CELEBRATING 28 GLORIOUS YEARS OF UNPARALLELED EXCELLENCE
OLD H.B. ROAD, PRAGATI PATH, RANCHI-834011; CONTACT: +91-7485096731
AFFILIATED TO CBSE, DELHI | AFFILIATION NO.: 3430121
AN ISO 9001: 2000 CERTIFIED ENGLISH MEDIUM CO-ED SENIOR SECONDARY SCHOOL
ADMISSION GOING ON: CLASS XI (2024-25)
SCIENCE | COMMERCE | HUMANITIES
SCHOLARSHIPS
• 50% FEE WAIVER FOR TOP 3 RANKS OF ALL SCHOOLS/ BOARDS.
• ON MARKS BASIS: 95% & ABOVE: RS. 15,000; 90-94.8%- RS. 10,000; 85%-89.8%- RS. 5,000
Congratulations to our Students for Exemplary Performance in Xth & XIIth Board Exams!
OUR TOP PERFORMERS
3rd STATE TOPPER
AISSE (X)- 2024
BHAVYA GAURI- 98.8% SHREYA SINGH- 97.8% SARTHAK RAJ- 97.2% BHAVYA RANJAN- 96.8% KUNAL ANAND- 96.8%
AISSCE (XII)- 2024
SWASTIKA PANDEY- 97% VISHAKHA KUMARI- 97% Humanities
PIYUSH KUMAR- 95.4% ADITYA KUMAR- 95.2% Science
KAMLESH K MAHTO- 95% Commerce
TOP HIGHLIGHTS
• NATIONALLY RECOGNISED TEACHING FACULTY
• HIGHLY SCORING 5TH SUBJECT OPTIONS
• WEEKLY 5-DAY CLASSES, WITH SATURDAYS OFF
• UNMATCHED INFRASTRUCTURE
• MENTORING CLASSES: JEE, NEET, CA & CIVIL SERVICES
• REGULAR COMPUTER-BASED TESTS
ADMISSION FORMS AVAILABLE AT: WWW.OXFORDPUBLICSCHOOL.NET.IN & IN THE SCHOOL OFFICE
A TRADITION OF EXCELLENCE: ACADEMICS, ACTIVITIES & DISCIPLINE.

# धनबाद के गढ़ में भाजपा को मिल रही कांग्रेस की कड़ी चुनौती

## ■ सवर्ण और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं में मतभिन्नता दिख रही है

## ■ जातीय समीकरणों को साधने में जुटीं पार्टियों के भीतर भरोसे की कमी

**झारखंड में मतदाताओं के लिहाज से सबसे बड़े संसदीय क्षेत्र धनबाद का चुनावी मुकाबला हर दिन बीतने के साथ रोमांचक दौर में पहुंचता जा रहा है। इस चुनावी रोमांच में कोयलांचल की अपनी राजनीति तो है ही, पूरे इलाके का राजनीतिक परिदृश्य भी महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो की चुनौती कम नहीं हो रही है और कांग्रेस की अनुपमा सिंह अब लोगों की नजर में राजनीति का अनजान चेहरा नहीं रह गयी हैं। उनकी स्वीकार्यता हर दिन बढ़ रही है। इसलिए भाजपा के इस गढ़ में जोरदार मुकाबला होने की संभावना है, जिसमें सामुदायिक भावनाएं और 'भीतरी-बाहरी' का मुद्दा यहां महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। धनबाद को भाजपा का गढ़ माना जाता है, लेकिन इस बार इस गढ़ पर कांग्रेस ने अनुपमा सिंह को उतार कर जोरदार चढ़ाई की है। भाजपा को कांग्रेस से कड़ी चुनौती तो मिल ही रही है, पार्टी के अंदर भी एक वर्ग पूरी तरह से उनके साथ नहीं है। इस वर्ग के बीच जातीय समीकरण के तहत असंतोष का भाव फैल रहा है, जिसके कारण कांग्रेस को पिछले एक सप्ताह में काफी ताकत मिली है। भाजपा प्रत्याशी को लेकर मारवाड़ी, राजपूत, कायस्थ और अन्य समुदाय का एक वर्ग अंदर ही अंदर नाराज है। यही नहीं, धनबाद संसदीय क्षेत्र के तहत आनेवाले विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा विधायक भी ढुल्लू महतो के समर्थन में बहुत सक्रिय नजर नहीं आ रहे हैं। यह भाजपा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। वैसे दोनों प्रमुख प्रत्याशी जातीय समीकरणों को साधने में पूरा जोर लगा रहे हैं, लेकिन उनमें आपसी भरोसे की कमी ही धनबाद के चुनावी मुकाबले को रोचक बना रही है। क्या है धनबाद संसदीय क्षेत्र का वर्तमान परिदृश्य और क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

देश की कोयला राजधानी और झारखंड में सर्वाधिक वोटरों वाला संसदीय क्षेत्र धनबाद इन दिनों चुनावी बुखार में बुरी तरह तप रहा है। वैसे भी धनबाद का तापमान झारखंड के बाकी शहरों से थोड़ा अधिक रहता है, क्योंकि झरिया की भूमिगत आग से यहां की हवा गर्म होती है और इसका असर कोयलांचल की राजनीति पर भी खूब पड़ता है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में करीब 23 लाख वोटर हैं और छह में से तीन विधानसभा क्षेत्र, धनबाद, झरिया और बोकारो में 'बाहरी' मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान 25 मई को है। यह तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, चुनाव रोचक होता जा रहा है। धनबाद का चुनाव इस बार खास है, क्योंकि भाजपा के इस गढ़ में इस बार 'भीतरी-बाहरी' का मुद्दा बड़ी तेजी से उभरता जा रहा है। यह अलग बात है कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र में घात-प्रतिघात का खतरा अधिक है और यह सभी पार्टियों के साथ है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में अब तक सवर्ण जातियों का दबदबा रहा है, लेकिन इस बार भाजपा ने ओबीसी कार्ड खेलते हुए विधायक ढुल्लू महतो को उम्मीदवार बनाया है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें तीन ग्रामीण क्षेत्र के रूप में चिह्नित हैं, जबकि तीन शहरी क्षेत्र माने जाते हैं। यह बात भी सच है कि धनबाद संसदीय क्षेत्र की कुर्सी धनबाद, झरिया और बोकारो होकर जाती है। इन तीन विधानसभा क्षेत्रों में जिसकी पकड़ मजबूत होगी, वह चुनाव जीत जायेगा।

### अब तक सवर्ण ही चुने गये सांसद

यह बात भी सच है कि 1971 के बाद धनबाद लोकसभा क्षेत्र से जितने भी उम्मीदवार जीते हैं, सभी सवर्ण जाति से आते हैं। राम नारायण शर्मा, शंकर दयाल सिंह, एके राय, रीता वर्मा, ददई दुबे और पशुपतिनाथ सिंह सभी सवर्ण हैं। इस बार कांग्रेस ने भी सवर्ण को उम्मीदवार बनाया है, लेकिन भाजपा ने ओबीसी कार्ड खेला है। 2019 के लोकसभा चुनाव में धनबाद विधानसभा में 55.3% वोटिंग हुई थी, जबकि झरिया में 50.4% मत पड़े थे। इसी प्रकार बोकारो में 53.3 प्रतिशत मत पड़े थे, जबकि चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में 73.73 प्रतिशत, निरसा विधानसभा क्षेत्र में 67.79 प्रतिशत और सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में 71.49 प्रतिशत वोट पड़े थे। वैसे धनबाद लोकसभा क्षेत्र में कुल 60.37 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। यह अलग बात है कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम में कोयला मजदूरों की भी भूमिका होती है। कोयला मजदूर अगर एकतरफा किसी की तरफ चले जायें, तो उसकी जीत हो सकती है, लेकिन कोयला खदानों के राष्ट्रीयकरण के बाद कोयला मजदूरों की संख्या में लगातार कमी होती आयी है। मजदूर संगठन भी अब इतने ताकतवर नहीं रह गये हैं।



### इतिहास है 1971 और 1977 का चुनाव

वैसे 1971 और 1977 में धनबाद लोकसभा क्षेत्र में जिस ढंग का चुनाव प्रचार हुआ, वह इतिहास बन गया। ऐसा उसके बाद कभी नहीं हुआ और आगे भी होने की संभावना बिल्कुल नहीं है। अब तो सब कुछ बदल गया है। 1971 में जहां एक निर्दलीय प्रत्याशी ने धन-बल का उपयोग किया, वहीं 1977 के चुनाव में धन-बल गौण हो गया। उसका कोई महत्व ही नहीं रह गया। जेल में बंद एके राय चुनाव जीत गये। 1971 और 1977 का चुनाव आज भी लोगों को रोमांचित करता है। 1971 में जहां हेलीकॉप्टर के भरोसे चुनाव प्रचार किया गया था, वहीं 1977 में कार्यकर्ताओं ने खिचड़ी के भरोसे चुनाव में एके राय को जीत दिला दी थी।

### जातीय समीकरण भी महत्वपूर्ण

धनबाद में अब जातीय समीकरण निर्णायक भूमिका में आ गया है। सवर्ण मतदाता जहां कांग्रेस के पक्ष में झुकते नजर आ रहे हैं, वहीं ओबीसी और पिछड़ों का झुकाव भाजपा की ओर होने लगा है। वैसे सवर्णों का बड़ा वर्ग, जो भाजपा के प्रति अब भी निष्ठावान है, अभी निष्क्रिय होने के बावजूद पार्टी के प्रति अपना कर्तव्य जरूर निभायेगा। धनबाद में मतदाताओं का लगभग 45 फीसदी हिस्सा सवर्ण है, लेकिन मतदान में यह वर्ग बढ़-चढ़ कर भाग लेता है और 55 फीसदी ओबीसी मतदाताओं पर भारी पड़ जाता है। यह स्थिति इस बार भी बनती दिखाई दे रही है।

### 'भीतरी-बाहरी' फैक्टर

गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के मूल निवासी ढुल्लू महतो को धनबाद से मैदान में उतारने के फैसले ने 'भीतरी-बाहरी' की कहानी को हवा दे दी है। युवा नेता जयराम महतो, जिन्होंने अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी जेकेबीएसएस की स्थापना की और अब गिरिडीह सीट के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, ने इस भावना को बढ़ाया है, जो क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक समूहों में इस चुनाव की गतिशीलता को आकार देने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। हालांकि कांग्रेस की उम्मीदवार अनुपमा सिंह भी बाहरी ही हैं, लेकिन उनके ससुर दिवंगत राजेंद्र सिंह को धनबाद के लोग अपना मानते थे।

### क्या भाजपा की कमजोरी का फायदा उठा पायेगी कांग्रेस

भाजपा उम्मीदवार के प्रति एक खास वर्ग में उभरे असंतोष के बीच कांग्रेस पार्टी के भीतर के नेताओं को जनता की भावनाओं को अपने पक्ष में करने का अवसर दिख रहा है। शुरुआती दौर में कांग्रेस के भीतर असंतोष था, लेकिन अनुपमा सिंह के पति और कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की अथक मेहनत के कारण अब वहां तेजी से स्थिति बदल रही है। यह ढुल्लू महतो के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है।

### धनबाद में काम नहीं करता स्थानीय फैक्टर

धनबाद संसदीय सीट के चुनाव परिणामों से साफ पता चलता है कि यहां लोकल फैक्टर काम नहीं करता है। कोयला और औद्योगिक इकाइयों के कारण इस संसदीय क्षेत्र में प्रवासी मतदाताओं की अधिकता है। इसलिए यहां स्थानीय प्रत्याशी की बजाय बाहर से भी प्रत्याशी जीतते रहे हैं। दूसरे इलाकों से आकर कई नेता यहां से जीत कर सांसद बनते रहे हैं।

### धनबाद के चुनावी मुद्दे

धनबाद संसदीय क्षेत्र में सबसे बड़ा मुद्दा झरिया पुनर्वास है। जमीन के नीचे लगी आग और भू-धंसान के कारण झरिया का पूरा इलाका खतरे में है। यहां के लोगों के पुनर्वास के लिए योजनाएं तो बनीं, लेकिन कुछ हुआ नहीं। इसके अलावा उद्योगों को पुनर्जीवित करना और रोजगार जैसे मुद्दे भी यहां खूब उछलते हैं। श्रमिक संगठनों की आपसी प्रतिद्वंद्विता और कोयले के अवैध कारोबार के कारण धनबाद का इलाका हमेशा से पूरे देश में चर्चित रहा है। चर्चित वासेपुर इसी धनबाद में है, जहां की हवा में अपराध की गंध तैरती है। धनबाद संसदीय क्षेत्र के मतदाता अब इस तरह के तनावपूर्ण माहौल से छुटकारा पाना चाहते हैं। ऐसे में अब धनबाद की जनता किसे कुर्सी सौंपती है, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा, लेकिन अभी तक की जो राजनीतिक स्थिति है, उसमें अनुपमा सिंह ढुल्लू महतो को कड़ी टक्कर दे रही हैं।

---

# सपा की साइकिल की चेन उतरी, कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त होगी : राजनाथ

**रक्षा मंत्री ने उत्तरप्रदेश के बलिया में जनसभा को किया संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलिया।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि साइकिल की चेन उतर चुकी है। 2014 में ही आपने साइकिल की चेन उतार दी थी। 10 साल तक जिस साइकिल पर चेन न हो, वह आगे कैसे बढ़ेगी। कांग्रेस की हालत भी खराब है। जैसे विश्व की धरती से डायनासोर लुप्त हो गये, वैसे ही भारत से कांग्रेस लुप्त हो जायेगी। राजनाथ सिंह शुक्रवार को उत्तरप्रदेश के बलिया में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।



**केजरीवाल कर रहे बकवासः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रधानमंत्री की उम्र और रिटायरमेंट को लेकर दिये बयान पर राजनाथ सिंह ने कहा कि केजरीवाल बकवास कर रहे हैं। वह झूठ बोल कर पॉलिटिक्स करते हैं। ऐसे राजनीति नहीं की जाती है। केजरीवाल कहते हैं कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सीएम नहीं रहेंगे। क्या इसका मतलब सिर्फ वे ही सीएम बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी मजबूत लीडरशिप के लिए ऐसी बातें करना दुर्भाग्यपूर्ण है। केजरीवाल दावा करते हैं कि उन्होंने दिल्ली में विकास किया। वहां के विकास का अगर असली श्रेय किसी को जाता है तो वे प्रधानमंत्री मोदी को जाता है।

# प्रधानमंत्री मोदी कल जमशेदपुर में

## पुलिस मुख्यालय से 1651 अतिरिक्त जवानों की तैनाती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 19 मई को जमशेदपुर में प्रस्तावित चुनावी जनसभा के मद्देनजर सुरक्षा के लिए पुलिस मुख्यालय से 1651 अतिरिक्त जवानों की प्रतिनियुक्ति शुक्रवार से की गयी है। इसमें 27 इंस्पेक्टर, 246 एसआइ और एएसआइ, 1246 लाठी बल, 82 सशस्त्र बल, 50 यातायात पुलिसकर्मी, दो बीडीएस की टीमें, तीन हिट टीमें, तीन डॉग स्क्वायड और रैप की दो कंपनियों सहित इको की चार टीमें शामिल हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर हथियारबंद जवान तैनात रहेंगे। इसके लिए आसपास के जिलों और ट्रेनिंग सेंटर से भी



पुलिस बल बुलाया गया है। जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने मउभंडार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार पहुंचेंगे। बताया गया है कि मउभंडार ग्राउंड प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के अनुरूप छोटा है। इस हिसाब से कार्यक्रम स्थल और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर कंट्रोल बनाये रखना चैलेंज भरा काम होगा। क्योंकि शहर में एक ही मुख्य मार्ग है, जो सभास्थल मैदान के समीप से होकर गुजरता है।

जनसभा में दूर-दराज से वाहनों से पहुंचने वाले लोगों को कार्यक्रम स्थल से ही कुछ दूरी पर बड़े वाहनों को तय पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करना होगा। इसके लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बेनाशोल फुटबाल ग्राउंड, मउभंडार बाबूलाइन, टुमांगडुंगरी ग्राउंड, सर्कस मैदान ग्राउंड और कीताडीह काजू जंगल के समीप ग्राउंड को देख कर उसे चिह्नित किया।

# मुंडन कराने जा रहे लोगों की कार पेड़ से टकरायी, 5 की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** चकाई-देवघर मुख्य मार्ग के बसबुटिया गांव के समीप शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे बिहार के आरा से बच्चों का मुंडन कराने आ रहे श्रद्धालुओं से भरी कार पेड़ से टकरा गयी। इसमें दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि चालक को नींद लगने की वजह से उक्त घटना घटी। मृतक की पहचान आरा जिले के शहर थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी नागेंद्र राम के पांच वर्षीय पुत्र अभिनंदन कुमार, पांच वर्षीय पुत्री नंदनी कुमारी और नागेंद्र की सास के रूप में हुई है। मृतक महिला दुर्घटना के शिकार हुए बच्चों की नानी थी। बाद में इलाज के दौरान देवघर सदर अस्पताल के आइसीयू में बच्चों की मां नेहा की भी मौत हो गयी। नेहा (32) की नानी बाबुनी देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गयी थीं, उन्होंने भी बाद में दम तोड़ दिया। घायलों में मृतक बच्चों की मां नेहा कुमारी की नानी, पिता नागेंद्र कुमार, कार चालक बिहार के ही रोहतास जिले के कछौन थाना क्षेत्र के कैथीकछौन गांव निवासी रोहित कुमार, नागेंद्र की बहन चरपोखरी थाना क्षेत्र के मनैनी गांव निवासी मीना देवी पति बजरंगी राम, नागेंद्र का साला आनंद कुमार पिता छोटू राम एवं नेहा की नानी रोहतास जिले के कछौन थाना क्षेत्र के कैथीकछौन गांव निवासी बाबुनी देवी पति रामप्रवेश राम शामिल हैं।

# हाइकोर्ट ने राहुल गांधी पर लगाया 1000 का जुर्माना

**रांची (आजाद सिपाही)।** मानहानि मामले में चाइबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने के लिए झारखंड हाइकोर्ट में दायर याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से समय मांगे जाने पर उन पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इससे पहले सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से राहुल गांधी की ओर से दो सप्ताह के समय की मांग की गयी थी। यह मामला वर्ष 2018 का है। राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। इस बयान के खिलाफ भाजपा नेता प्रताप कटियार ने चाइबासा में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया था। मामले को एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था। अप्रैल 2022 में चाइबासा एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था, जिस पर उन्होंने कोई संज्ञान नहीं लिया। इसके बाद 27 फरवरी 2024 को कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में आवेदन देकर सशरीर उपस्थित होने से छूट मांगी थी, लेकिन अदालत ने उनके आवेदन को खारिज करते हुए सशरीर उपस्थित होने का आदेश जारी किया था।

# बूथों पर दिखेगी झारखंडी संस्कृति की झलक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव के पांचवें



चरण में झारखंड की तीन सीटों पर 20 मई को मतदान होंगे। इस चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए चुनाव आयोग ने व्यापक तैयारी की है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के साथ आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई इंतजाम किये हैं। बूथों को सजाने का काम अंतिम चरण में है। महिला, निःशक्त और युवाओं के लिए अलग-अलग बूथ बनाये गये हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए बूथों को भव्य रूप दिया जा रहा है, जिसमें झारखंड की सभ्यता-संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। वैसे तो इस बार सभी मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र घोषित किये गये हैं। कुछ ऐसे भी मतदान केंद्र होंगे, जहां मतदान की पूरी जिम्मेदारी महिला और युवा मतदान कर्मी उठायेंगे। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि पांचवें चरण में 4589 लोकेशन में 6705 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इन मतदान केंद्रों में 73 महिला, 13 निःशक्त, 13 युवा और 36 यूनिक मतदान केंद्र होंगे। यूनिक बूथों पर झारखंडी संस्कृति की झलक दिखेगी। वन, पर्यावरण और झरनों को दर्शाता मतदान केंद्र बनेगा। इसके लिए तैयारी चल रही है। महिला संचालित सर्वाधिक बूथ हजारीबाग में हैं, जहां 34 ऐसे बूथ बनाये गये हैं।

### लोकसभा चुनाव में अधिग्रहित एसी बसों का किराया तय

**रांची। लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहित किये जाने वाले विभिन्न श्रेणियों के मोटर वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज नये सिरे से तय कर दिया गया है। इस संदर्भ में परिवहन विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी की है। इसी दर पर वाहन संचालकों को बस भाड़ा देना होगा। जारी अधिसूचना के अनुसार 35 सीट बैठान क्षमता या अधिक वाले वातानुकूलित डीलक्स बसों के लिए 4,730 रुपये, 35 सीट बैठान क्षमता वाले डीलक्स बसों के लिए 4,150 रुपये, 20 से 50 सीट तक सेमी डीलक्स बस 3,800 रुपये, मिनी बस 14 से 23 सीट तक वातानुकूलित 2,500 रुपये, कम सीट वाले मिनी बस 8 से 13 सीट तक वातानुकूलित बस का भाड़ा 1,650 रुपये और टाटा मैजिक के लिए 650 रुपये की दर तय की गयी है।**

www.epaper.azadsipahi.in

18 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 207

बीजेपी आयेगी तो विकास तेजी से होगा: हेमा मालिनी



# आरक्षण बदल कर सपा-कांग्रेस पाप करना चाहती है : नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री ने बाराबंकी, फतेहपुर और हमीरपुर में चुनावी रैली को संबोधित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाराबंकी/फतेहपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन ने कर्नाटक में रातों-रात मुसलमानों को ओबीसी बना दिया। वहां के पिछड़े आरक्षण से वंचित रह गये। अब यही मॉडल पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। संविधान बदल कर एससी-एसटी और ओबीसी का पूरा आरक्षण मुसलमानों को देना चाहते हैं।

सपा-कांग्रेस आरक्षण बदल कर पाप करना चाहती है। मैंने सपा से कहा था कि आप दिन रात पिछड़ों की बात करते हैं। आप हिम्मत करके इस षड्यंत्र का विरोध करिए। लेकिन ये सपा वाले मुंह पर ऐसा ताला लगा कर बैठ गये कि ये खोलने को तैयार नहीं हैं। क्या ये सपा वालों को भी माफ कर सकते हैं। कहा, साथियों कांग्रेस आपका आरक्षण खत्म कर रही है। सपा उसका समर्थन कर रही है। मोदी शुक्रवार को उत्तरप्रदेश के बाराबंकी, फतेहपुर और हमीरपुर में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।



### ये सरकार में आये तो रामलला को टेंट में भेज देंगे

मोदी ने कहा कि सपा-कांग्रेस वाले सरकार में आये, तो फिर से रामलला को टेंट में भेज देंगे। राम मंदिर पर बुलडोजर चला देंगे। इन्हें योगी जी से ट्यूशन लेना चाहिए कि बुलडोजर कहां चलाना है और कहां नहीं। उन्होंने कहा कि हमारे कल्याण सिंह जी, बाबू जी राम भक्त थे। इसलिए ये लोग उनकी मृत्यु के बाद वहां नहीं गये।

**कांग्रेस ने इज्जत बचाने के लिए मिशन-50 रखा:** प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने इज्जत बचाने के लिए मिशन-50 रखा है। कांग्रेस-सपा दोनों की कुंडली मिलती है। दोनों भ्रष्टाचार के लिए राजनीति में हैं। आतंकियों के हमदर्द भी हैं। सपा के लोग हेलिकॉप्टर से दंगाइयों से मिलने जाते थे।

**ये आपकी संपत्ति को बांट देंगे :** मोदी ने कहा कि आपके माता-पिता ने जो कुछ कमाया है, उसमें आपका अधिकार है। लेकिन सपा-कांग्रेस वाले अपने चुनावी मेनिफेस्टो में कह रहे हैं कि वह एक्स-रे निकालेंगे। आपके पास कितने गहनें और जमीन है। आपका मंगलसूत्र निकालेंगे। ये लोग इसे वोट जिहाद वालों को बांट देंगे। ये आपके माता-पिता की संपत्ति को बांट देंगे।

# इडी ने केजरीवाल और आप को आरोपी बनाया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी। केजरीवाल ने शीर्ष कोर्ट ने इडी की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। कोर्ट ने इस फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान इडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया है। इसके कुछ देर बात ही इडी की एक टीम दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची और शराब नीति केस में 8वीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की। इसमें केजरीवाल और आप का नाम शामिल था।

# विधायक लोबिन हेंब्रम को झामुमो ने किया पार्टी से निष्कासित



**रांची (आजाद सिपाही)।** झामुमो ने बोरियो से विधायक लोबिन हेंब्रम को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। झामुमो ने पत्र जारी करते हुए कहा कि लोबिन हेंमब्रम ने गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया है। उन्होंने राजमहल लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को भ्रमित किया है। झामुमो ने उन्हें छह साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता समेत अन्य सभी पदों से निष्कासित कर दिया है। लोबिन हेंब्रम बोरियो विधानसभा से विधायक हैं।

# साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया: कल्पना

## लिट्टीपाड़ा में चुनावी जनसभा

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** कल्पना सोरेन मुर्मू ने लिट्टीपाड़ा के कारियोडीह मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर हेमंत सोरेन के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनायीं। साथ ही 1 जून को लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी विजय हांसदा को तीर-धनुष पर वोट देने की लोगों से अपील की। कल्पना ने कहा कि कोरोना काल में हेमंत सोरेन ने झारखंड से बाहर गये लोगों को हवाई जहाज से मंगाने का काम किया, लोगों को घर तक खाने-पीने तक की व्यवस्था की। यहां के लोगों को रोजगार देने की दिशा में काम किया। लोगों को पेंशन योजना से जोड़ कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया। केंद्र सरकार के द्वारा बार-बार गरीबों के आवास के लिए राशि मांगे जाने के बावजूद न देने पर उन्होंने 20 लाख झारखंड के लोगों के लिए आवास की स्वीकृति दी है। अबुआ आवास योजना से लाभान्वित करने की योजना की स्वीकृति दी। उनके कामों से घबरा कर केंद्र सरकार ने झूठा आरोप लगा कर जेल भेजने का काम किया है। अब वक्त आ गया है कि आप लोग एकजुट होकर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करें। जनसभा को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विजय हांसदा, स्टीफन मरांडी, दिनेश विलियम मरांडी, हेमलाल मुर्मू, जूली हेंब्रम, श्याम यादव समेत अन्य ने भी संबोधित किया। मौके पर 102 युवाओं को कल्पना सोरेन ने पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो की सदस्यता दिलायी।






# अपना बेटा सौंप रही, राहुल आपको निराश नहीं करेंगे : सोनिया गांधी

## कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने रायबरेली में जनसभा को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायबरेली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को मान कर रखना है। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे। वह शुक्रवार को रायबरेली में अखिलेश-राहुल की रैली में शामिल हुईं और जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैंने राहुल और प्रियंका को वही शिक्षा दी, जो रायबरेली और इंदिरा जी ने मुझे दी थी। सबका आदर करो। कमजोरों की रक्षा करो। अन्याय के खिलाफ जिससे भी लड़ना पड़े, लड़ पड़ो। डरना मत, क्योंकि न्याय और परंपरा की तुम्हारी जड़ें बहुत मजबूत हैं।

2019 चुनाव के बाद अब यानी पांच साल बाद रायबरेली में चुनावी मंच पर पहुंचीं सोनिया गांधी ने कहा कि मैं काफी समय के बाद आप लोगों के सामने आयी हूं। मेरा सिर आपके सामने श्रद्धा से झुका है। मुझे 20 साल तक सेवा का अवसर दिया। ये मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली मेरा परिवार है। मेरा घर है। मेरा घर मेरे जीवन की कोमल यादें यहां से जुड़ी हैं। इस मिट्टी से मेरा लगाव है। मां गंगा की तरह पवित्र ये रिश्ता अवध और किसान आंदोलन के साथ शुरू हुआ। आज तक कायम है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। मैंने उन्हें काम करते हुए करीब से देखा। उनके मन में आपके प्रति असीम लगाव था।



### अब मैं मोदी जी से सब कुछ बुलवा सकता हूं: राहुल

रायबरेली (आजाद सिपाही)। रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल ने कहा कि मैं कहता हूं कि खटाखट पैसे डलवाऊंगा, तो मोदी जी भी खटाखट-खटाखट करने लगते हैं। मैं कहता हूं कि मोदीजी अडाणी और अंबानी की बात नहीं करते हैं। अगले ही दिन मोदी दोनों की बात करते हैं। अब मैं मोदी जी से वो सब कुछ बुलवा सकता हूं। वो अपनी हार मान चुके हैं। राहुल ने कहा कि 4 जून को अमेठी के सभी गरीबों की लिस्ट बनेगी। हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जायेगा। 5 जून को हम कानून बनायेंगे। हर गरीब महिला को साल में एक लाख रुपये दिये जायेंगे। इसी साल 4 जुलाई को 8 हजार 500 रुपये बैंक खाते में आयेगा। हर महीने की 1 तारीख को खटाखट-खटाखट पैसे आयेंगे। राहुल ने अग्निवीर योजना की बात करते हुए प्रधानमंत्री पर युवाओं का रोजगार छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने मेरे ऊपर इडी की जांच करवायी। मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द करवायी। मेरा घर छीन लिया। मैं पीछे नहीं हटा। मैंने कहा, मेरे हजारों घर हैं। मेरे हिंदुस्तान में बहुत चाहने वाले हैं। मेरा रायबरेली में 100 साल पुराना रिश्ता है। मेरी दादी इंदिरा गांधी जी लड़ीं। मेरी माता सोनिया गांधी जी यहां आयीं। वो यहां की सांसद रहीं। उनका आपका प्रेम का रिश्ता है। उन्होंने भी यहां सिर्फ सच्चाई बोली है। आपका और मेरा रिश्ता सिर्फ सच्चाई का रिश्ता है। मैं जो भी बोलूंगा, वो कर के दिखाऊंगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 91,000 रु./प्रति किलो |



# रांची रेलवे स्टेशन से लापता नौ माह के बच्चे को पुलिस ने ओड़िशा से किया बरामद, पांच गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के रांची रेलवे स्टेशन से लापता हुए नौ माह के मासूम शुभम को बरामद करने में रांची पुलिस को सफलता मिल गयी है। रांची पुलिस ने बच्चे के साथ-साथ बच्चा चोर गिरोह को भी दबोचा है। सूत्रों के अनुसार रांची पुलिस ने बच्चे को ओड़िशा के पुरी इलाके से बरामद किया है। साथ ही महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल रांची पुलिस बच्चे और गिरफ्तार आरोपियों को रांची लाने के लिए कानूनी प्रक्रिया में लगी है। कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर आरोपियों को रांची लाया जायेगा। संभवतः शनिवार को रांची पुलिस बच्चे को लेकर पहुंचेगी।




जानकारी के मुताबिक रांची पुलिस की एक टीम चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर के नेतृत्व में ओड़िशा के पुरी इलाके में छापेमारी कर रही थी। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर रांची पुलिस ओड़िशा पुलिस की सहायता से बच्चा चोर गिरोह तक पहुंची। उसके बाद बच्चे को बरामद करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दरअसल, बीते रविवार को नौ माह के शुभम को बच्चा चोरों ने तब गायब कर दिया था, जब वह अपनी दादी के साथ सो रहा था। बच्चे के गायब करने की पूरी वारदात रांची रेलवे स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी थी। उसके बाद से पुलिस बच्चे की तलाश कर रही थी। बच्चा चोरी की घटना के बाद चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार की पहल पर सीआइडी में भी बच्चा चोरी का मामला पहुंचा। सीआइडी की टीम भी बच्चे और बच्चा चोर की तलाश में जुटी थी।

झारखंड के लातेहार के गारू के रहनेवाले अमित लोहरा और उनकी पत्नी नीना देवी अपने नौ माह के बच्चे शुभम के साथ अगरतला से रांची लौटे थे। लातेहार की ट्रेन नहीं मिलने की वजह से उन लोगों ने स्टेशन के बाहर ही रात गुजारी थी। उसी दौरान उनका बच्चा गायब हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद चुटिया और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। रेलवे स्टेशन में लगे सीसीटीवी खंगालने पर पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा, फुटेज के आधार पर पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में जुट गयी थी।

अमित ने बताया कि वह अगरतला में ईंट भट्ठा में काम करता है। छह महीने के बाद वह रविवार की शाम साढ़े चार बजे सुबह रांची पहुंचा था। उन्हें रांची से ट्रेन से लातेहार जाना था, लेकिन ट्रेन नहीं मिलने की वजह से वह स्टेशन में ही परिवार के साथ रुक गया। प्लेटफार्म में जगह नहीं मिलने की वजह से वह स्टेशन के बाहर टिकट काउंटर के पास परिवार के साथ चला गया और वहीं पर रात गुजारी। उसके साथ उसकी पत्नी, नौ माह का शुभम और उनकी मां के अलावा ईंट भट्ठा में साथ काम करने वाले एक अन्य परिवार के लोग भी थे।

# छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आड्रे हाउस में पिछले दिनों हुए कार्यक्रम में डोरंडा कॉलेज के एनएसएस वॉलिंटियर्स और छात्र-छात्राओं ने चुनाव का पर्व-कला महोत्सव में बढ़ चढ़कर भाग लिया था। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में नागपुरी गीत और क्विज के द्वारा जागरूकता के लिए शानदार प्रस्तुति दी थी और लोगों को नागपुरी गीत के माध्यम से जागरूक किया था। जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग रांची जिला द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। जिसे आज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कंचन मुंडा, एनओ प्रो. स्नेहा शाह मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रमाण पत्र पाने वाले छात्र-छात्राओं में आशियाना, अजीत, सुधीर, खुशबू, नेहा, सुहानी, रजनी, रिमी आदि शामिल थे।



## केसोराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की चेयरपर्सन मंजुश्री खेतान का निधन, श्रद्धांजलि दी



रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला देवी की सुपुत्री केसोराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की चेयरपर्सन मंजुश्री खेतान का गुरुवार को कोलकाता में निधन हो गया। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए सरला बिरला विश्वविद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। विवि के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने स्मृतियों को साझा किया। कहा कि दुख की इस घड़ी में सरला बिरला परिवार शोक संतप्त परिजनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। शोक सभा के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और डॉ प्रदीप वर्मा ने भी संवेदना व्यक्त की।

## डॉ विनय भरत ने रायपुर में दिया व्याख्यान




रांची (आजाद सिपाही)। डीएसपीएमयू के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ विनय भरत ने एमिटी स्कूल ऑफ लैंग्वेज एमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर में व्याख्यान दिया। इसका विषय था-उत्तराधुनिकवाद और उसके विभिन्न आयाम। इस व्याख्यान में डॉ भरत ने उत्तराधुनिकवाद को अच्छे से समझने पर जोर दिया। डॉ भरत ने व्याख्यान में समाज में उत्तराधुनिकवाद के प्रभाव पर भी गहराई से बात की।एमिटी विश्वविद्यालय की ओर से इसे प्रो शुभांकर रॉय ने को-ऑर्डिनेट किया।

## भाकपा में शामिल हुईं आरती देवी




रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के नगड़ी प्रखंड की अध्यक्ष आरती देवी शुक्रवार को भाकपा में शामिल हो गयी। उन्होंने भाकपा राज्य कार्यालय में राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह और इम्तियाज अहमद खान के समक्ष सदस्यता ग्रहण की। मौके पर अजय सिंह ने कहा कि आरती देवी जन संघर्ष के मुद्दों को लेकर लगातार क्षेत्र में सक्रिय भूमिका में नजर आती रही हैं। आरती देवी पूर्व में जिला परिषद का भी चुनाव लड़ चुकी हैं।

## छवि रंजन की जमानत पर फैसला सुरक्षित

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट में बरियातू की चेशायर होम रोड जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की दायर जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गड़बड़ी मामले मे इडी ने इसीआइआर 5-2023 दर्ज किया है। मामले में छवि रंजन, प्रेम प्रकाश और अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ इडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। इडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल 2023 को छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर और अन्य कागजात इडी को मिले थे। इसके बाद 14 अप्रैल, 2023 को इडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप है। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

## डीलिस्टिंग बिल पास करने की मांग

रांची (आजाद सिपाही)। रांची जिला मुखिया संघ सह मीडिया प्रभारी जनजाति सुरक्षा मंच सोमा उरांव ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को पत्र लिख कर डीलिस्टिंग बिल पास करने की मांग की। कहा कि जिन्होंने जनजाति रीति-रिवाज को छोड़ कर अन्य धर्म अपना लिया है, वैसे लोगों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करना ही डीलिस्टिंग है। डीलिस्टिंग की यह मांग बहुत पुरानी है। सबसे पहले इसे 1967-70 में कार्तिक उरांव ने उठाया था। उस समय बिल पास नहीं हुआ। यदि उस समय यह बिल पास हो जाता, तो मूल जनजाति समाज के आरक्षण की 80 प्रतिशत नौकरी और अन्य सरकारी सुविधा को धर्मांतरित इसाई और मुस्लिम छीन नहीं पाते। डीलिस्टिंग को लेकर 10 लाख लोग दिल्ली कूच करेंगे और धरना प्रदर्शन करेंगे। जरूरत पड़ी, तो सदन का भी घेराव करेंगे।

# सरला बिरला स्कूल में समर कैंप का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आठ दिवसीय समर कैंप एक्सट्रावेगेंजा-2024 का समापन हो गया। प्रतिदिन बच्चों ने कई रचनात्मक और कलात्मक गतिविधियों में भाग लिया। समापन समारोह में पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाते हुए बच्चों ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। नृत्यांगना कविता द्विवेदी की ओर से नृत्य प्रस्तुत किया गया। समर कैंप में आकर्षक छतरी पेंटिंग और टी-शर्ट पेंटिंग के साथ विभिन्न कलात्मक वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगायी गयी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों द्वारा इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की सराहना की।




# झारखंड मैथिली मंच ने मां जानकी जन्मोत्सव मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मैथिली मंच के बहिना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बाबा विद्यापति दलान मंच ने जानकी नवमी महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यापति रचित भगवती बंदना जय जय भैरवि असुर भयाऊनि के साथ हुई। बाबा विद्यापति के मूर्ति पर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि सांसद पत्नी नीता सेठ और कुमुद झा ने संयुक्त रूप से दीप जला कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके बाद 11 कुमारी कन्याओं का पूजन के साथ प्रसाद और अंग वस्त्र दिये। इसके बाद जगतजननी मां जानकी के रूप में सुसज्जित कन्या की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। क्रमानुसार मैथिलानियों ने पारंपरिक सोहर आदि एक से बढ़कर एक मैथिली गीतों से कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लग गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष विनय कुमार झा, महासचिव जयंत कुमार झा, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र, बाबू लाल झा, अरुण कुमार झा, मोहन झा पड़ोसी, कन्हैया मिश्र, संतोष कुमार झा, ब्रज कुमार झा, भारतेंदु कुमार झा, आनंद मोहन ठाकुर, अभय कुमार झा, वैद्य नाथ झा, राम नाथ झा, दया शंकर चौधरी, वीरेंद्र कुमार झा, बहिना प्रकोष्ठ के सुनीता झा, सुधा झा, गीता मिश्र, अंजु झा, रेनू झा, अभिलाषा मिश्र, बिट्टू झा, पुनम मिश्र, नमीता मिश्र, बबिता खा, मनीषा दास, मधु चौधरी, शिषा झा, मीनू चौधरी, दिब्या सुमन झा, मंजू झा, रेनू झा, आस्था ठाकुर, लक्ष्मी चौधरी, रीभा झा, पुनम ठाकुर, रानी लक्ष्मी ठाकुर, शकुंतला झा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## ओएमआर में छेड़छाड़ की प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश

**रांची (आजाद सिपाही)।** हाइकोर्ट ने झारखंड लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थी गोपाल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। दरअसल, गोपाल ने हाइकोर्ट में रिट पिटीशन दाखिल कर आग्रह किया था कि उसने ओएमआर शीट में कई सवालों के जवाब दिये थे। इसके बावजूद उसे जान बूझ कर असफल घोषित कर दिया गया। अदालत ने शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान ओएमआर शीट देखने के बाद हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को रिट पिटीशन और ओएमआर शीट को सील कर प्रार्थी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता द्वारा कोर्ट में पेश की गयी ओएमआर शीट और जेपीएससी द्वारा पेश की गयी ओएमआर शीट में काफी अंतर था। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि याचिकाकर्ता ने जो ओएमआर शीट पेश की थी, उसमें छेड़छाड़ हुई है। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता देवेश आजमानी ने पक्ष रखा।

# हेमंत को फिलहाल नहीं मिली सुप्रीम राहत

## जमानत पर मंगलवार को फिर सुनवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम के जरिये मनी लांड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। शुक्रवार को इडी की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका, जिसके बाद कोर्ट ने इडी को मंगलवार तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हेमंत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने सुनवाई की। उनकी ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रज्ञा सिंह बघेल ने बहस की। दअरसल हेमंत सोरेन ने झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हेमंत सोरेन ने शीर्ष अदालत में एसएलपी दाखिल की है। दरअसल हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया गया था। झारखंड हाइकोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट में अब अंतरिम जमानत पर मंगलवार को सुनवाई होगी।

### तापस घोष ने पीएमएलए कोर्ट में लगायी जमानत की अर्जी, सुनवाई 21 मई को

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गांई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी तापस घोष ने जमानत की गुहार लगायी है। पीएमएलए की विशेष कोर्ट में उनकी ओर से जमानत याचिका दायर की गयी है। जमानत याचिका पर 21 मई को सुनवाई होगी। मामले में 9 मई को कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी तापस घोष, संजीत कुमार और हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर को इडी ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ये तीनों आरोपी अभी इडी के रिमांड पर हैं। इनसे इडी पूछताछ कर रही है। मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने के ये मास्टरमाइंड है। फर्जी दस्तावेज के आधार पर इनपर जमीन पर कब्जा कर खरीद बिक्री करने का आरोप है।


FORMAT C-1

(For candidate to publish in newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the jugdement dated 25th September,2018, of Hon'ble Supreme Court In Wp (civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union Of India & Anr.)

Name and address of Candidate : HARINATH SAHU
RESIDENT : VILL+POST- SUKURHUTU P.S.-KANKE, DIST- RANCHI-834006, JHARKHAND
*Name of the political party : LOKHHIT ADHIKAR PARTY
*Name of the Election : GENERAL ELECTION OF LOKSABHA 2024
* Name of the Constituency - 08-RANCHI
I HARINATH SAHU, a candidate for the above mentioned election declare for public information the following details about my criminal antecedents

(A)

| SI. No. | NAME OF COURT | CASE NO. AND DATED | STATUS OF CASES(S) | SECTIONS OF ACTS CONCERNED AND BRIEF DESCRIPTION OFFENCE(S) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | SRI SARTHAK SHARMA JMFC SPI. MP-MLA CASES | KANKE P.S. FIR NO- 141/2021 | CHARGES FRAMED YES DATED:- 29.04.2023 | OFFENCE U/S SEC. - 188, 269, 270 OF IPC & 51,03DISATER MANAGEMENT ACT (PROTESTED AGAINST STATE GOVT.) |

(B) Details about cases of conviction of criminal offences

| SI. No. | NAME OF COURT & DATE(S) OF ORDER(S) | DESCRIPTION OF OFFENCE(S) & PUNISHMENT IMPOSED | MAXIMUM IMPOSED |
|---|---|---|---|
| N.A. | N.A. | N.A. | N.A. |

Sd./-
Harinath Sahu



FORMAT C-1

(For candidate to publish in newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the jugdement dated 25th September,2018, of Hon'ble Supreme Court In WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union Of India & Anr.)

Name and address of Candidate : DEEPAK KUMAR GUPTA
ADD : NH-33 OLD CHC, POST +VILL-HURHURU, P.S- SADAR, DIST- HAZARIBAGH
*Name of the political party : INDEPENDENT
*Name of the Election : GENERAL ELECTION 2024, LOKSABHA, CHATRA-04
* Name of the Constituency - 04-CHATRA LOKSABHA
I DEPAK KUMAR GUPTA, a candidate for the above mentioned election declare for public information the following details about my criminal antecedents

(A)

| SI. No. | NAME OF COURT | CASE NO. AND DATED | STATUS OF CASES(S) | SECTIONS OF ACTS CONCERNED AND BRIEF DESCRIPTION OFFENCE(S) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | J.M. Dst ClassHZB | 1928/2018 | Pending For Agrument | 138 NI ACT |
| 2. | J.M. Dst Class HZB | 3940/2023 | Pending For Endence | 138 NI ACT |

(B) Details about cases of conviction of criminal offences

| SI. No. | Name of court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |

*In the case of election to council of states or states or election to Legislative council by MLAs, Mention the election concerned in the place of name of constituency.

Sd./-
Deepak Kumar Gupta



FORMAT C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25 September. 2018 of hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 211 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name of Political Party: JHARKHAND MUKTI MORCHA

*Name of the Election: PARLIAMENTARY GENERAL ELECTION 2024

Name of State/UT: JHARKHAND

| 1. | 2 | 3 | 4 | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SL. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name Of Court. Case No. & Status Of the Case(s) | Sections of the Acts concerned & Brief Description of offence(s) | Name Of Court & Date(s) Of Order(s) | Description Of Offence(s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 02, Dumka | NALIN SOREN | Learned Special Judge, Vigilance-cum-A.C.B., Ranchi. Special Case No. 15A of 2009. Charge Not Framed | 406, 409, 423, 424, 420, 465, 468, 467, 471 & 477A, 109, 201, and 120B IPC | N/A | N/A | N/A |
| 2 | | | Learned Special Judge, Vigilance-cum-A.C.B., Ranchi. Special Case No. 13 of 2013. Charge Not Framed | 420, 467, 468, 471 and 120B IPC | N/A | N/A | N/A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention The election concerned in place of name of constituency.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 38.2 °c | 27.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.23 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.06 बजे | |



## गृह मंत्री अमित शाह के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



# भाजपा नेता रमेश सिंह ने अमित शाह का किया भव्य स्वागत






भाजपा नेता रमेश सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत किया। इस दौरान अमित शाह को पगड़ी और भगवान राम का मोमेंटो दिया गया। *सभी फोटो : प्रदीप ठाकुर।*

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता रमेश सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत किया। इसके लिए बजाप्ते महादेव मंडा में मंच लगाया गया था। अमित शाह को पगड़ी और भगवान राम का मोमेंटो दिया गया। इसे अमित शाह ने इसे माथे से लगाया। यहां के स्वागत की तैयारी को देखकर अमित शाह काफी गदगद नजर आये। मराठी वेषभूषा में छह क्षत्रानियों ने स्वागत किया। महादेव मंडा में नरेंद्र मोदी, अमित शाह, भगवान श्री राम का कट आउट लगा हुआ था। रमेश सिंह ने कहा कि पहले पीएम नरेंद्र मोदी अब अमित शाह के रोड शो से 14 सीटों पर जीत तय है। हर तरफ भाजपा की लहर है।



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. : ईएल/ओपी/आरएनसी/कुकिंग/एचटीई/24, दिनांक 16.05.2024,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल विद्युत अभियंता (ओपी)-1/ दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** हटिया में 3 वर्ष (1095 दिन) की अवधि के लिए सब्सिडी वाले और गैर-सब्सिडी वाले मील रनिंग रूम की आपूर्ति के लिए आउटसोर्सिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 1,07,68,737.54, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति :** रु. 2,03,900/-, **अंतिम तिथि व समय:** 06.06.2024 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार /बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-155)

## राशिफल
**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — पुरानी चिंताओं से मुक्ति, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।
- **वृष** — वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, दीर्घकालीन योजनाओं पर धनव्यय होगा।
- **मिथुन** — नवीन योजनाएं कार्यान्वित होंगी, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति। आर्थिक स्थिति सुदृढ़।
- **कर्क** — अपनी संकल्प शक्ति मजबूत बनाकर ही कोई काम करें, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा।
- **सिंह** — आर्थिक-व्यावसायिक स्थितियां सामान्य रहेगी, परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।
- **कन्या** — अप्रिय स्थिति का सामना होगा, कर्मक्षेत्र में अवरोध-विरोध,विशेष परिश्रम के बाद आंशिक सफलता।
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, कुछ जरूरी काम-काज के प्रसंग उत्साहित करेंगे।
- **वृश्चिक** — हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा, पद-मान-मर्यादा-यश की वृद्धि होगी।
- **धनु** — निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।
- **मकर** — जमीन-मकान, स्थिर संपति से संबंधित काम सिद्ध होंगे। थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।
- **कुंभ** — नौकरी में उन्नति,बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होंगे। विरोधियों पर विजय मिलेगा।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

# साधु-संतों के साथ किया भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा राजधानी रांची के चुटिया स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर के समक्ष में देश के गृह मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत महंत श्री कृष्णा दास, महंत केशव दास एवं वरिष्ठ समाजसेवी सह भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा पुष्प वर्षा कर किया गया। समिति के द्वारा हजारों की संख्या में श्री राम मंदिर के महंत एवं जनता ने गृह मंत्री श्री शाह का स्वागत पुष्प वर्षा कर, आरती उतार कर एवं शंख बजाकर किया। स्वागत करने वालों में कैलाश केसरी, प्रभु दयाल बड़ाइक, रवि सिंह, अमित केसरी, विजय साहू, महावीर नायक सहित सभी समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रांची एयरपोर्ट पर गृहमंत्री अमित शाह का पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने किया स्वागत



शुक्रवार को रांची लोकसभा क्षेत्र के चुटिया में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का रोड शो कार्यक्रम आगमन हुआ। इसी क्रम में रांची एयरपोर्ट पर पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने अमित शाह का स्वागत किया।

### महिलाओं के लिए अब जेल भी सुरक्षित नही

# घटना की सीबीआइ जांच हो: आरती कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि झारखंड में जेल भी अब महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं हैं। जेल में महिला कैदियों के साथ कर्मियों द्वारा दुष्कर्म किया जा रहा है। यह घटना शर्मसार कर देने वाली है। इसकी सीबीआइ जांच होनी चाहिए। जांच में दोषी पाये गये पदाधिकारी और कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि जेल प्रशासन इस मामले की लीपापोती में लग गया है। प्रथम दृष्टया इस घटना में जेल प्रशासन के पूरी तरह से शामिल होने की बात सामने आ रही है। इस मामले की पूरी तरह से तहकीकात होनी चाहिए।

## गृहमंत्री अमित शाह के रोड शो को जनता ने नकार दिया : राजेश ठाकुर



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने गृहमंत्री अमित शाह के शुक्रवार को रांची के चुटिया में रोड शो पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अब मोहल्लेवासियों ने भी भाजपा को नकार दिया है। अमित शाह का रोड शो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुआ। क्योंकि जनता को अब भाजपा पर भरोसा नहीं रहा। जनता को कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा है। राहुल गांधी के जरिये जनता के लिए पूछे गये प्रश्न देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को मुहल्लों में रोड शो करने को विवश कर दिया। ठाकुर ने कहा कि जो पार्टी वंचितों से उनका अधिकार छीनना चाहती हो, अपने पूंजीपति मित्रों का 16 लाख करोड रुपये माफ की है, युवाओं को रोजगार के लिए भटकाती हो, महिलाओं को इज्जत लूटने वालों को सम्मान देती हो वैसी भाजपा पर अब जनता का भरोसा कभी नहीं रहेगा।

## गृहमंत्री अमित शाह को हर गली मोहल्ले में रोड शो करना चाहिए : धर्मेंद्र तिवारी



रांची (आजाद सिपाही)। देश के गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को रांची के चुटिया में रोड शो किया। भाजमो से रांची लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी कहते हैं कि उनको रांची के हर गली मोहल्ले में रोड शो करना चाहिए ताकि उनको मालूम हो सके कि किस तरह दोनों सरकारों ने मिलकर रांची को बर्बाद किया। भाजपा के प्रदेशस्तरीय नेतागण परेशान हैं। तभी इस तरह का बिना सोचे समझे कार्यक्रम करवा रहे हैं। यदि आप चुटिया में आये हैं, तो कुछ विकास की बात किये होंगे। सड़क चौड़ीकरण, अस्पताल, अच्छे स्कूल, युवाओं के लिए रोजगार और रोड जाम की कुछ ना कुछ सौगात चुटिया वासियों के लिए आप दिये होंगे। आपके सांसद ने रांची के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया। इसका पता आपको आपके सर्वे टीम ने बता ही दिया होगा। आपका भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर जोहार है।

## राजद ने कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

रांची (आजाद सिपाही)। रांची जिला राजद अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को एचइसी के विभिन्न क्षेत्रों में इंडिया गठबंधन की कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान टंकी साइट, शिव मंदिर, अमर मैदान, बुढ़िया दुकान, कमला खटाल, सीटीआइ कॉलोनी, नायक मोहल्ला में चलाया गया। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं और युवा शामिल थे। जनसंपर्क अभियान के दौरान राजद कार्यकर्ता एचइसी को बचाना है महागठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय जिंदाबाद, सुबोध कांत सहाय जिंदाबाद, लालू यादव जिंदाबाद शिबू सोरेन जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। जनसंपर्क अभियान में राजद नेता विजय राय, नवीन कुमार, हरेंद्र यादव कांग्रेसी नेता संजय झा, पंकज कुमार, हरेश्वर यादव, रीना यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## रांची में 214 आर्म्स लाइसेंस रद्द

रांची (आजाद सिपाही)। रांची जिला प्रशासन ने 214 आर्म्स लाइसेंस को रद्द कर दिया है। रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने एसएसपी रांची की अनुशंसा पर कार्रवाई करते हुए शस्त्र लाइसेंसधारियों के लाइसेंस रद्द किये हैं।

# माइका कारोबार को गठबंधन सरकार ने बर्बाद किया : बाबूलाल मरांडी

**अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में बाबूलाल मरांडी ने की जनसभा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कोडरमा और गांडेय के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा और अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में भाजपा के स्टार प्रचारकों का धुआंधार प्रचार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को दिलीप वर्मा ने गांडेय के कई इलाकों का दौरा किया। और लोगों से समर्थन की अपील की। इधर गांवा में ही शुक्रवार को अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में पार्टी के स्टार प्रचारक बाबूलाल मरांडी ने जनसभा को संबोधित किया और पूर्व के हेमंत सरकार के साथ चंपाई सरकार पर जमकर बरसे। कहा कि गांवा और तिसरी की पहचान सिर्फ माइका कारोबार से रही, लेकिन गठबंधन की सरकार ने इसे बर्बाद कर दिया और आज दोनों इलाके के मजदूर भूखे पेट मरने के लिए मजबूर हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने माइका कारोबार चालू कराने को लेकर हर तरह का प्रयास किया, लेकिन पूर्व की हेमंत सरकार ने इसे शुरू होने नहीं दिया। नतीजा, पूरा माइका कारोबार बर्बाद हो गया, और उल्टे जो इसे जुड़कर काम करते रहे। उन्हें भी झूठे मुकदमे में जेल भेजा गया। भाजपा नेता बाबूलाल ने कहा कि ये चुनाव तिसरी, गांवा और कोडरमा के माइका कारोबार को शुरू करने का रास्ता खोलेगा। वहीं जनसभा में धनवार के भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह, भाजपा नेत्री उषा कुमारी समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इधर अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में ही सांसद प्रतिनिधी दिनेश यादव ने शुक्रवार की देर शाम देवरी के पर्वतोडीह, मंझलाडीह, ढेंगाडीह समेत कई इलाकों में तूफानी चुनाव प्रचार और रोड शो किया और लोगों से अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में मतदान की अपील किया। इस दौरान काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## संजय सेठ के समर्थन में आजसू ने पदयात्रा निकाली

**रांची।** रांची लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में आजसू पार्टी रांची महानगर ने भव्य जनसंपर्क पदयात्रा निकाली। शुक्रवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गयी। पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार से जयप्रकाश नगर, किशोरी यादव चौक होते हुए अपर बाजार, महावीर चौक, गांधी चौक, सुभाष चौक होते हुए रांची यूनिवर्सिटी गेट के पास पदयात्रा समाप्त हुई। भारी संख्या में लोग शामिल हुए। हर चौक चौराहे एवं अपर बाजार, महावीर चौक में व्यवसायियों के द्वारा फूल माला पहनाकर जितेंद्र सिंह एवं महानगर कमिटी का भव्य स्वागत किया गया। जितेंद्र सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी विभिन्न क्षेत्रों एवं वार्डो में पदयात्रा कर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमेश गुप्ता, बंटी यादव, सुनील यादव, सीमा सिंह, बिरेंद्र प्रसाद, टी के मुखर्जी, जय श्रीवास्तव, काशी चौधरी, सरोज गुप्ता शामिल थे।

# इंडी गठबंधन के पास कोई नीति नहीं है : सुदेश

**इचागढ़ विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि इंडी गठबंधन के पास न कोई नीति है और न ही नेता। जेएमएम ने कभी राज्यवासियों के हित में काम नहीं किया। कांग्रेस और जेएमएम ने राज्य को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। तुष्टिकरण और वोट की राजनीति ही इंडी गठबंधन की पहचान है। एनडीए विकास आधारित राजनीति, स्पष्ट नीति और नेतृत्व के साथ चुनाव में है। वह भादुडीह चांडिल में आयोजित इचागढ़ विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में बोल रहे थे। मौके पर रांची लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव कई मायने में महत्वपूर्ण है। एक तरफ क्षेत्रीय शक्ति और राष्ट्रीय सोच के साथ सशक्त और विकासशील देश बनाने का संकल्प लेकर एनडीए जनता के बीच है और दूसरी तरफ बेमेल और स्वार्थ पर टिका गठबंधन है, जो चुनावों के नतीजे आने के बाद बिखर जायेगा। यह चुनाव देश के प्रधानमंत्री के चयन का चुनाव है। नरेंद्र मोदी ने देश. दुनिया में जो लोकप्रियता हासिल की है, उसकी वजह से बड़ा जनादेश हासिल होने जा रहा है। प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आजसू, भाजपा एक साथ पूरी मेहनत से जुटी है। इसका परिणाम लोकसभा चुनावों में देखने को मिलेगा। संजय सेठ ने कहा कि आजसू और भाजपा की जोड़ी राज्य से 13 फूल और 1 फल दिल्ली भेजने का काम करेगी।

## बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में मां जानकी की पूजा हुई



रांची (आजाद सिपाही)। बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में मां जानकी की पूजा-अर्चना की गयी। आज बहुत ही साधारण तरीके से मां जानकी की माल्यार्पण कर धूप-अगरबत्ती एवं मिठाई आदि का भोग लगाकर पूजा-अर्चना की गयी। आज के कार्यक्रम में संतोष मिश्रा एवं यजमान के रूप में समिति के अध्यक्ष जयंत झा थे। समिति द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद सभी भक्त जनों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा, मृत्युंजय झा, संतोष मिश्रा, श्याम किशोर चौबे, बॉबी शर्मा, विनीत शर्मा विष्णु सिंघानिया, उदित नारायण ठाकुर, दिलेंद्र कुमार शर्मा आदि मौजूद थे। उक्त जानकारी समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा ने दी।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर शिविर लगाया




जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के दिन शुक्रवार को बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद भवन ओल्ड एज होम परिसर में पब्लिक अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत आइएचएमओ जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश की ओर से रक्तचाप स्क्रीनिंग शिविर लगाया गया। वृद्धाश्रम में रह रहे 60 से अधिक उम्र के कुल 23 बुजुर्ग की ब्लड प्रेशर (रक्तचाप) की जांच की गयी। मौके पर कार्यक्रम संयोजक कमलेश ने बताया कि वर्ष 2024 की थीम अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जियें इस पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र शर्मा, रामदीप, परमेश्वर प्रसाद दास, संगीता साहू एवं सोमा चंद्र सिद्दीकी का योगदान रहा।

## सीआइपी ने मनाया 107वां स्थापना दिवस

रांची (आजाद सिपाही)। सीआइपी का 107वां स्थापना दिवस शुक्रवार को निदेशक डॉ तरुण कुमार के नेतृत्व में मनाया गया। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत सिन्हा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रोफेसर दीपक श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं को उनके विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य रोकथाम और प्रगति विषय पर वैज्ञानिक सत्र का भी आयोजन किया। शाम को एक सांस्कृतिक उत्सव मनाया गया।

## वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच की गोष्ठी संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। वनकाम झारखंड इकाई मई माह की काव्य गोष्ठी आ.नरेश नाज के सानिद्ध्य एवं संगीता सहाय के अध्यक्षता में गूगल मीट पर संपन्न हुई। 24 रचनाकारों ने काव्य पाठ किया। गोष्ठी की शुरूआत संगीता सहाय ने पटल पर मुख्य अतिथि का परिचय एवं मुख्य अतिथि सहित सभी प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। सर्व प्रथम रिम्मी वर्मा ने मंत्रोच्चार किया। आ.सुनीता श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। गोष्ठी में शमा सिन्हा, सुनीता श्रीवास्तव, निर्मला कर्ण, रश्मि सिन्हा, पूनम वर्मा, सुनीता अग्रवाल, बिंदु प्रसाद रिद्धिमा, उर्मिला सिन्हा, रिम्मी वर्मा, बिम्मी ने काव्य पाठ किया।

# पुतिन के चीन दौरे पर टिकीं निगाहें

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक बार फिर चीन के दौरे पर हैं। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ उनकी मुलाकात ने दुनिया की बेचैनी बढ़ा दी है कि यूक्रेन में अब क्या होने जा रहा है। युद्ध के मोर्चे पर क्रेमलिन को अगर किसी एक देश से बिना शर्त समर्थन मिल रहा है, तो वह चीन ही है। ऐसे में बाकी मुल्कों की चिंता समझ में आती है। पुतिन अपनी यात्रा के दौरान चीन के उत्तर-पूर्व में मौजूद शहर हारबिन भी जायेंगे। कभी इस शहर को लेकर कहा जाता था कि यह चीन से ज्यादा रूसी है। रूस की संस्कृति की कुछ छाप यहां अब भी बची रह गयी है। दोनों देशों के रिश्तों में भी ऐसा ही बदलाव आया है। कभी इस रिलेशन में रूस बड़ा भाई था, लेकिन अब रोल बदल चुके हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले साल 2021 में चीन और रूस के बीच का कुल व्यापार करीब 150 बिलियन डॉलर था, जो 2023 में 240 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। आरोप है कि व्यापार की आड़ में चीन दरअसल रूस की युद्ध में मदद कर रहा है, चीनी कंपनियां रूस की डिफेंस इंडस्ट्री को जरूरी सहायता मुहैया करा रही हैं। अमेरिका और पश्चिमी देश कई दफा इस बारे में चिंता भी जाहिर कर चुके हैं। उनका मानना है कि चीनी समर्थन के बिना पूतिन शायद ही इतनी लंबी लड़ाई जारी रख पाते। रूस और चीन की दोस्ती को पूतिन सीमाओं के परे बताते हैं। उन्हें शी पर कितना भरोसा है यह इससे जाहिर होता है कि युद्ध अपराधी घोषित होने के बाद उन्होंने भारत तक का दौरा टाल दिया, लेकिन चीन जाने से गुरेज नहीं। इस भरोसे की बुनियाद साझा है, अमेरिका के प्रति अविश्वास। दोनों ही देशों को लगता है कि पश्चिमी जगत उनकी प्रगति के आड़े आ रहा है। दोनों को ही कई तरह की बंदिशों का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिमी प्रतिबंधों ने रूस को बहुत हद तक चीन पर निर्भर कर दिया है। भारत से जारी व्यापार ने भी उसकी मदद की है, लेकिन नयी दिल्ली उस तरह से खुल कर युद्ध में रूस का साथ नहीं दे सकती, जैसा चीन दे रहा है। माना जा रहा है कि पुतिन का यह दौरा भी रक्षा सहयोग को लेकर है। उनके साथ नये और पुराने, दोनों रक्षा मंत्री गये हैं। चीन यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए मध्यस्थता की कोशिश भी कर चुका है। हालांकि इस पर बहस हो सकती है कि वह मध्यस्थता थी या रूस की पैरवी। रूस भारत का पुराना दोस्त है, जबकि चीन के साथ उसके रिश्ते नरम-गरम वाले रहे हैं। यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत का रुख स्पष्ट है कि वह युद्ध के खिलाफ है, लेकिन किसी गुट का हिस्सा नहीं बनेगा। यह सही रास्ता भी है, क्योंकि भारत खुद को ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में पेश करता रहा है और उसके इस रुख की सराहना भी हुई है।

**पुतिन अपनी यात्रा के दौरान चीन के उत्तर-पूर्व में मौजूद शहर हारबिन भी जायेंगे। कभी इस शहर को लेकर कहा जाता था कि यह चीन से ज्यादा रूसी है। रूस की संस्कृति की कुछ छाप यहां अब भी बची रह गयी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पटना विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान सुशील मोदी छात्र राजनीति में सक्रिय थे और 1974 में जय प्रकाश नारायण के आंदोलन सक्रिय भागीदारी निभायी। जेपी आंदोलन और आपातकाल के दौरान सुशील मोदी की 5 बार गिरफ्तारी हुई। 1977 से 1986 तक सुशील मोदी स्टेट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, ऑल इंडिया सेक्रेटरी, इन-चार्ज ऑफ यूपी एंड बिहार और विद्यार्थी परिषद के ऑफ इंडिया जनरल सेक्रेटरी के पदों पर आसीन रहे।**

# सुशील मोदी का निधन बिहार के अपूरणीय क्षति

**मृत्युंजय शर्मा**



**सुशील मोदी के असामयिक निधन से सिर्फ बिहार ही नहीं, पूरे देश की राजनीति में जो शून्य पैदा हुआ है। उसकी भरपाई संभव नहीं है। शांत, शालीन, अनुशासित रहते हुए उन्होंने नीतीश कुमार, लालू यादव, रामविलास पासवान, शरद यादव जैसे बिहार के राजनितिक शूरमाओं के बीच उन्होंने खुद को स्थापित किया।**

सुशील मोदी के असामयिक निधन से सिर्फ बिहार ही नहीं, पूरे देश की राजनीति में जो शून्य पैदा हुआ है, उसकी भरपाई संभव नहीं है। शांत, शालीन, अनुशासित रहते हुए नीतीश कुमार, लालू यादव, रामविलास पासवान, शरद यादव जैसे बिहार के राजनितिक शूरमाओं के बीच उन्होंने खुद को स्थापित किया। पिछले लगातार तीन दशकों से वे बिहार में भारतीय जनता पार्टी के सर्वमान्य और निर्विवाद चेहरा रहे।

पटना विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान सुशील मोदी छात्र राजनीति में सक्रिय थे और 1974 में जय प्रकाश नारायण के आंदोलन सक्रिय भागीदारी निभायी। जेपी आंदोलन और आपातकाल के दौरान सुशील मोदी की 5 बार गिरफ्तारी हुई। 1977 से 1986 तक सुशील मोदी स्टेट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, ऑल इंडिया सेक्रेटरी, इन-चार्ज ऑफ यूपी एंड बिहार और विद्यार्थी परिषद के ऑफ इंडिया जनरल सेक्रेटरी के पदों पर आसीन रहे।

1990 में लालू प्रसाद यादव के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही बिहार में जंगलराज की नींव पड़ चुकी थी, लेकिन इसी के विधानसभा में पहली बार सुशील मोदी ने भी अपनी दस्तक दी। ये सुशील मोदी ही थे, जिन्होंने जंगलराज के खिलाफ न्यायिक लड़ाई की शुरुआत की। राजनीति तौर पर लोग भले ही नीतीश कुमार को लालू यादव के सबसे बड़े प्रतिद्वंदी मानते हो, लेकिन यथार्थ में लालू के समक्ष प्रतिद्वंदी सुशील मोदी ही रहे। बिहार में लालू के जंगल राज के विरुद्ध सुशील मोदी एक प्रखर आवाज बने। 90 के दशक में लालू के मुख्यमंत्री बनने के बाद बिहार में अपराधी निरंकुश हो चुके थे। कानून व्यवस्था बिल्कुल गौण थी। इन सब के बीच बिहार की राजनीति में भूचाल लाने वाली घटना घटित हुई।

**एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता, कर्मठ जनप्रतिनिधि और सच्चे देशभक्त के रूप में सुशील मोदी का संस्मरण किया जायेगा।**

बहुचर्चित चारा घोटाला ने बिहार की राजनीतिक को सदा सर्वदा के लिए बदल दिया। सुशील मोदी 1996 में पटना हाई कोर्ट के समक्ष एक जनहित याचिका दायर की। उन्होंने आरोप लगाया कि लालू यादव ने संगठित रूप से बिहार में चारा घोटाला को अंजाम दिया है। अंततः लालू यादव को जेल जाना पड़ा। सुशील मोदी द्वारा लगाये गये आप सही साबित हुए। लंबे समय तक चले ट्रायल के बाद न्यायालय में लालू यादव को दोषी मानते हुए सजा सुनाई और लालू के आजीवन चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लग गया।

जब झारखंड आंदोलन चरम पर था, लालू यादव ने घोषणा कर दी थी कि अलग झारखंड राज्य उनके लाश पर बनेगा उस समय भी सुशील मोदी ने मुखर होकर लालू यादव का विरोध किया और और बिहार भाजपा की प्रमुख धुरी के रूप में उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व स्थानीय जनभावना से अवगत करा के झारखंड निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। इतना कुछ घटित होने के बाद भी लालू और सुशील मोदी के संबंधों में कभी कटुता नहीं आयी। यह भी महज संयोग ही है कि बिहार से अब तक मात्र सुशील मोदी, लालू यादव और नागमणि ही वे तीन राजनेता हुए हैं, जिन्होंने चारों सदनों (राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभा और विधान परिषद) की सदस्यता हासिल की है।

सुशील मोदी सदैव तथ्यों और तर्कों के आधार पर राजनीतिक की, लोग उन्हें 'कागज के डॉक्टर' के रूप में भी जानते हैं। एक जमाने में सुशील मोदी, सरयू राय और ललन सिंह के तिकड़ी सिर्फ इसी बात के लिए मशहूर हुई थी कि यदि इनमें से किसी ने आरोप लगाया है, तो उससे पहले आरोपी की सत्यता और उसके पुख्ता प्रमाण भी सत्यापित कर लिए हैं।

नीतीश कुमार के डिप्टी के रूप में एक दशक तक कार्य करने के बाद बदली हुई राजनीतिक परिदृश्य में सुशील मोदी को अलग होना पड़ा, लेकिन दोबारा से एनडीए गठबंधन में नीतीश के वापसी की पृष्ठभूमि सुशील मोदी ने ही तैयार की।

एक के बाद एक दनादन 40 प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। पटना में बहुचर्चित मॉल की जमीन का मामला और रेलवे में नौकरी के बदले जमीन लेने की संगीन आरोप लालू परिवार के ऊपर लगाये। नतीजतन, लालू नीतीश को गठबंधन टूटा और पूरे 2017 से 20 तक सुशील मोदी ने बतौर उप मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बिहार में सरकार चलायी।

2005 से 2020 तक लगभग 13 दशक तक सुशील मोदी बिहार के वित्त मंत्री रहे। जंगल राज के कलंक को धोया। बिहार को विकास के ट्रैक पर वापस लाया। लोग भले ही नीतीश कुमार को 'सुशासन बाबू' के नाम से जानते हो, लेकिन सुशासन तो सुशील मोदी के बेहतरीन वित्तीय प्रबंधन से ही आया। सुशील मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी में कभी भी समन्वय का आभाव नहीं देखा गया। विपरीत विचारधारा की राजनीतिक दलों से संबंध रखने के बावजूद इस जोड़ी ने बिहार को प्र्मुख्ट्स दी, बिहार के विकास को प्राथमिकता दी।

जीएसटी, जिसे अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक सुधार माना जाता है, उसका प्रारूप तैयार करने और लागू करने में प्रमुख भूमिका निभायी। वित्त मंत्री के रूप में जुलाई 2011 में सुशील मोदी को जीएसटी पर बनी राज्यों के वित्त मंत्रियों की समिति का चेयरमैन बनाया गया।

सुशील मोदी के असामयिक निधन से सिर्फ बिहार ही नहीं, पूरे देश की राजनीति में जो शून्य पैदा हुआ है। उसकी भरपाई संभव नहीं है। शांत, शालीन, अनुशासित रहते हुए उन्होंने नीतीश कुमार, लालू यादव, रामविलास पासवान, शरद यादव जैसे बिहार के राजनितिक शूरमाओं के बीच उन्होंने खुद को स्थापित किया।

राजनीतिक शुचिता बनाये रखने और पांच दशक के सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार से अछूते रहने वल्ले नेता विरले ही पैदा होते हैं। एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता, कर्मठ जनप्रतिनिधि और सच्चे देशभक्त के रूप में सुशील मोदी का संस्मरण सदैव किया जायेगा। उनको विनम्र श्रद्धांजली।

**(लेखक भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख एवं बिहार पर आधारित नयी पुस्तक 'ब्रोकन प्रॉमिसेस' के लेखक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने वर्तमान आम चुनाव को देश के लिए बताया बहुत अहम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** केंद्रीय मंत्री सह खूंटी के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा है कि वर्तमान आम चुनाव देश के लिए बहुत ही अहम है। यह देश को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जानेवाला और सशक्त भारत गढ़ने वाला चुनाव है। श्री मुंडा शुक्रवार को यहां घाटशिला विधान सभा क्षेत्र के भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्री मुंडा ने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधान सेवक के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अहम भूमिका निभाते हुये देश को मजबूत बनाने का कार्य किया। श्री मुंडा ने कहा कि विपक्ष कई तरह के बेबुनियाद, मनगढ़ंत और कई तरह की भ्रांतियां पैदा कर राजनीतिक लाभ उठाना चाहता है, लेकिन परिणाम सामने है। झारखंड में लूट की स्थिति बनी हुई है। लोगों के घरों से, दफ्तरों से पैसे मिल रहे हैं। विपक्ष ने देश को कमजोर करने या विभाजित करने का कार्य करने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना कर लोगों को दिग्भ्रमित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि हर भूखे के घर में अनाज पहुंचे और ऐसी स्थिति में घरों में दफ्तरों में बड़ी मात्रा में पैसे मिल रहे हैं। एक स्वच्छ प्रशासन हो यह सोच देश के हर नागरिक सरकार से अपेक्षा रखता है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जहां मंत्री के पीए के नौकर के घर करोड़ों रुपये मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे अरसे तक शासन में थी, लेकिन उसने अलग झारखंड की मांग को हमेशा लटकाने का काम किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में चुनावी वायदे भी किये।

शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे बढ़ें ये हमारा संकल्प है, कृषि क्षेत्र में हम बेहतर करें ये हमारा संकल्प है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव, प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गगराई, भाजपा जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी, भाजपा नेत्री सह समाजसेवी डॉ सुनीता देवदूत सोरेन, गीता मुर्मू, पूर्णिमा कर्मकार, जिला पार्षद कर्ण सिंह, सुभाष सिंह, देवयानी मुर्मू, माला डे, राहुल पांडे, कौशिक कुमार, उप प्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल, सुजन मन्ना, हाराधन सिंह, मंटू प्रजापति, साहिल आनंद, हरप्रीत सिंह, आदित्य सोनी, ब्रजेश सिंह समेत काफी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

# घाटशिला में ऐतिहासिक होगी पीएम मोदी की सभा: दीपक प्रकाश

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभा 19 मई को, भाजपा प्रत्याशी विद्युत महतो के समर्थन जनता को करेंगे संबोधित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को जमशेदपुर लोकसभा चुनाव प्रधान कार्यालय में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य व उपलब्धि आज डंके की तरह भारत के कोने-कोने में गूंज रही है। जनता की आकांक्षा है नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें। बीते दस वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लागों को संबल करने के लिए जनकल्याणकारी योजनायो के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाया है। मौके पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव,जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा,जमशेदपुर लोकसभा मीडिया प्रबंधन विभाग के अनिल मोदी व प्रेम झा मौजूद रहे। दीपक प्रकाश ने कहा बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गरीबों को पक्का घर, शौचालय, बिजली व एलपीजी गैस कनेक्शन के साथ वैश्विक महामारी कोरोनाकाल से लेकर 5 किलो अनाज पूरे देश में निःशुल्क भेंट किया है। आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा व किसानों को 6 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि सीधे उनके बैंक खाते में दिए जा रहे हैं। दीपक प्रकाश ने कहा दुनिया के बड़े-बड़े अर्थशास्त्री ने अनुमान लगाया है आने वाले 5 वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

**घाटशिला फुटबॉल मैदान में 19 मई को पीएम नरेंद्र मोदी की सभा होगी ऐतिहासिक**

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश कहा 19 मई को घाटशिला के फुटबॉल मैदान में होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशाल जनसभा ऐतिहासिक होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखने व सुनने के लिए जमशेदपुर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग आतुर हैं। जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत सभी मंडलों से कार्यकर्ता पीएम मोदी की सभा में शामिल होंगें।दीपक प्रकाश ने कहा देशवासी जहां पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यों व विकासोन्मुखी नीतियों से पूरी तरह से खुश हैं। वहीं राज्य की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार से पूरी तरह त्रस्त उन्होंने कहा जमशेदपुर सहित झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा-एनडीए की जीत होगी।

# विधायक मंगल कालिंदी ने मानकी मुंडा संघ के साथ की बैठक, मिला समर्थन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती को जिताने के लिए जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने पुर्वी सिंहभूम के मानकी मुंडा संघ के साथ बैठक की। शुक्रवार को बैठक के दौरान विधायक ने मानकी मुंडा के कार्यालय पहुंचकर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श कर उनका समर्थन मांगा। मौके पर समाज के लोगों ने लोकसभा चुनाव में हर संभव सहयोग देने का भरोसा जताया। मौके पर मानकी मुंडा संघ चाकुलिया, बहरागोड़ा, धलभुमगढ़, घाटशिला, गुदाबंधा, जमशेदपुर पोटका, मुसामुनी व डुमुरिया प्रखंड कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष, हातु मुंडा व पीढ़ मानकी के साथ पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संगठन सचिव, संयुक्त सचिव, सलाहकार व धर्म सचिव शामिल रहे।

## संविधान को बचाने के लिए बदलाव जरूरी : महावीर मुर्मू

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती को जिताने के लिए झामुमो ने प्रचार तेज कर दी है। शुक्रवार को झामुमो नेता महाबीर मुर्मू के नेतृत्व में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के बिरसा नगर संडे मार्केट से जोन नंबर 4,5,6,9 व 11 में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर महाबीर मुर्मू ने एक एक जनता से मुलाकात कर इंडिया महागठबंधन के उम्मीदवार समीर कुमार मोहंती के पक्ष में तीर धनुष छाप पर 3 नंबर बटन दबाकर वोट देने की अपील की। इस अवसर झामुमो नेता महावीर मुर्मू ने कहा आज देश की अखंडता और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से बहार करना होगा। अन्यथा देश से संविधान समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा बीते 10 वर्षों में देश के प्रधानमंत्री व जमशेदपुर लोकसभा सांसद विद्युत महतो ने ऐसा कोई भी काम नहीं किया जिससे जनता का भला हो सका। इसके लिए इस बार परिवर्तन बहुत जरूरी है।**

## आदित्यपुर शेरे पंजाब चौक में स्टाइल बाजार मॉल का शुभारंभ



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के टाटा कांड्रा मैन रोड स्थित आदित्यपुर के शेरे पंजाब चौक में स्टाइल बाजार मॉल का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को स्वर्गीय सुदर्शन सतपति की पत्नी ने मॉल का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर सतपति होटल प्रबंधन शांति लता सतपति के साथ रंजीत कुमार सारंगी, रंजीत सतपति, राजेंद्र सतपति, राजेश सतपति ,सीमा सतपति, सहित स्टाइल बाजार प्रबंधन सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शांति लता सतपति ने कहा मॉल में ग्राहकों के लिए कम कीमत पर सुलभ व टिकाओ के समान के साथ कई सारी सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। जो आने वाले समय में हर लोगों के जुबान पर रहेगी। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता सह जनकल्याण मोर्चा के अध्यक्ष ओमप्रकाश व क्षेत्र के कई बुद्धिजीवी,सामाजसेबी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बोरा में बंद अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत केंदुगाछ के समीप अज्ञात शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शुक्रवार को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार शव एक बोरे में बांधकर फेंका हुआ था। स्थानीय ग्रामीण को जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के शरीर से सिर्फ गमछा बरामद किया गया। फिलहाल शव का पहचान नहीं हो सका। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### कालीचरण सिंह के पक्ष में अलखनाथ पांडेय ने किया जनसंपर्क

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को और मजबूत करें

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने चतरा लोक सभा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों के साथ जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को और मजबूत करने के लिए अपील की। लोकसभा चुनाव का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है सभी पार्टी के प्रत्याशी, नेता व कार्यकर्ता अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों से जनसंपर्क अभियान भी तेज कर दिए हैं।

लातेहार विधानसभा के प्रवासी प्रभारी के रूप में अलखनाथ पांडेय ने लातेहार विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता गण व कार्यकर्ता गण के साथ चित्र लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह लातेहार विधानसभा के विभिन्न स्थानों पर लोगों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील किए। इस दौरान अलखनाथ पांडेय ने मतदाताओं से कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का सबसे बड़ा मुद्दा धारा 370 और राम मंदिर जैसे अधूरे काम को पूरा किया है। केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से जीतने के लिए अपील किए।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान लातेहार विधानसभा के प्रवासी प्रभारी अलखनाथ पांडेय, भाजपा नेता राजधानी यादव, विजय चौबे, रोशन दुबे, अशोक पांडे, डॉक्टर विजय प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, नरेश चौधरी, उमेश प्रसाद, नितेश कुमार, महेंद्र मालाकार, संदीप कुमार विकास, कुमार उमेश कुमार पासवान, गोविंद मालाकार, सुनील प्रसाद, अजय प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जीएन कॉन्वेंट स्कूल में मेधा सम्मान समारोह

- 93 प्रतिशत और इसके ऊपर अंक प्राप्त करनेवाले सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सेकंडरी और सीनियर सेकेंडरी में सीबीएसई बोर्ड के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ज्ञान की देवी माँ सरस्वती जी को अतिथियों द्वारा माल्यार्पण और पुष्पांजली अर्पित कर किया गया।तद्पश्चात बुके प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया गया एवं उनके सम्मान में दशम कक्षा की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत का गायन किया गया।उपस्थित सफल बच्चों एवं उनके अभिभावकों को स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। आप जीवन में ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत करें सफलता आपकी कदम चूमेंगी। उन्होंने बताया कि स्कूल से सफलता अर्जित करने वाले सभी वैसे छात्र- छात्राएं जिन्होंने 65 प्रतिशत मार्क्स पाएं हैं, उनका स्कॉलरशिप के आधार पर एड्मिसन फी फ्री होगा, यदि वे आगे की परीक्षा में अच्छा करते हैं तो विद्यालय प्रबंधन वार्षिक फी में और विशेष छूट देगा। प्रिंसीपल सीबी सिन्हा ने स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर की और पूरे शिक्षकों को उनके कड़ी मेहनत औ? बच्चों को मार्गदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं वहीं उपस्थित अभिभावकों ने भी स्कूल की अध्ययन- अध्यापन पर संतोष व्यक्त किया। टॉपर विद्यार्थियों ने भी अपने जूनियर्स को पढ़ाई और अच्छे अंक लाने की गुर साझा की। सभी सफल बच्चों को बुके, प्रशस्ति पत्र, शील्ड और विशेष उपहार अतिथियों के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया।मंच का संचालन उपप्राचार्य बीके ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन पीजीटी टीचर नीरा शर्मा द्वारा किया गया। सारा कार्यक्रम शिक्षक संजीव कुमार के देख रेख में संपन्न हुआ।इस मौके पर पेरेंट्स राकेश वर्मा, नायला अम्बरेन, सन्तोष मेहता,गिरीश कमलापुरी, शिक्षक सुषमा तिवारी, संतोष प्रसाद, वीरेंद्र साह, मुकेश कुमार, अभिषेक पांडेय सहित अन्य शिक्षक- शिक्षकेतर और छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### विवाहिता ने युवक पर लगाया आरोप

# शादी का झांसा देकर तीन माह तक किया यौन शोषण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बनसानी गांव की विवाहिता ने चपरी गांव निवासी सूरज विश्वकर्मा पर शादी का झांसा देकर तीन माह तक यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए महिला को मेडिकल चेकअप के लिए गढ़वा भेजा है। थाना में दिए आवेदन में महिला ने कहा है कि हमारी शादी बनसानी गांव निवासी नन्दलाल भुइया के साथ दस वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन शादी से लेकर अब तक संतान नहीं होने पर मेरे पति दूसरी शादी की बात करने लगे। इसी बीच तीन माह पूर्व चपरी निवासी सूरज विश्वकर्मा से हमारा संपर्क हो गया और वह साथ रखने की बात कह कर तीन माह तक यौन शोषण करता रहा। 16 मई को डाल्टनगंज अपनी बहन के यहां से लौट रहे थे, तो सूरज से हमारा संपर्क हुआ और हमारे साथ हमारे घर वनसानी आ गये, जहां साथ में संबंध बनाये। मेरे द्वारा यह कहने पर की अपने घर ले चलो तो राजी हुए और अपने घर ले गये, लेकिन उनके घर जाने पर उनके परिजनों ने घर में प्रवेश नहीं करने दिया। सूरज भी हमें गाली गलौज करते हुए भवनाथपुर हाई स्कूल फिल्ड में लाकर छोड़ दिया और चले गया।

# ग्रामीणों के विरोध पर वनकर्मियों ने ट्रैक्टर छोड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के कैलान झुरही टोला में बीती रात्रि वन कर्मियों द्वारा एक खाली ट्रैक्टर पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों के भारी आक्रोश को देखते हुए ट्रैक्टर को मुक्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कैलान के झुराही टोला में कहुवा नाला के पास निजी जमीन में सौ बाई सौ का मनरेगा से एक तालाब निर्माण मेघनाथ यादव के द्वारा योजना वर्ष 2022-23 में 4 लाख 86 हजार की लागत से निर्माण किया गया है, जिसमे तालाब खुदाई के दौरान उसमे पत्थर निकला था, जिसे जमा कर- के तालाब के बगल में ही रखा हुआ था। उसी पत्थर को मेघनाथ यादव के द्वारा अपने भतीजा फुलेंदर यादव के ट्रैक्टर से अपने घर चबूतरा निर्माण के लिए ले जाया जा रहा था, कि गुरुवार की देर शाम वन विभाग को गुप्त सूचना मिली की जंगल से पत्थर उठाव हो रहा है। सूचना मिलते ही वनरक्षी अनूप कुमार और अनिल गिरी अपने सहयोगी के साथ मिलकर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। ट्रैक्टर चालक डर से गाड़ी छोड़कर भाग गया। सूचना मिलने पर फुलेंद्र यादव घटना स्थल पर पहुंचकर उक्त अधिकारियों की बताया की वन विभाग का यह पथर नहीं, बल्कि निजी तालाब निर्माण में से लाया जा रहा है, परंतु अधिकारी सुनने की तैयार नहीं हुए इस बीच काफी संख्या में ग्रामीण की सूचना मिलते ही हुजूम लग गया। ग्रामीणों के आक्रोश की देखते हुए ट्रैक्टर को छोड़ा गया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### डीएवी भवनाथपुर में जूनियर जुबली ब्लॉक के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** डीएवी भवनाथपुर में जूनियर जुबली ब्लॉक के छात्रों के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके तहत बच्चों को स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक, डाक घर तथा सेल आरएमडी अस्पताल का भ्रमण कराया गया। भारतीय स्टेट बैंक में बैंक प्रबंधक ने बच्चों का स्वागत किया तथा बैंक के अलग अलग विभाग में घुमा कर बैंक में होनेवाले कार्यों से बच्चों को अवगत कराया तथा सभी बच्चों को चॉकलेट दिया। वहीं सेल आरएमडी अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर राम ने बच्चों को पूरा अस्पताल परिसर घुमाया और अस्पताल के महत्व और कार्यों के बारे में जानकारी दी दूसरी ओर डाक घर के अधिकारी ने बच्चों का स्वागत किया तथा डाक घर में होनेवाले कार्यों की जानकारी दी। पत्र लेखन से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्ड के बारे में न केवल जानकारी देने के साथ पोस्ट कार्ड भी बच्चों के बीच में वितरण किया। प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ साथ बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान मिलना बहुत जरूरी है और इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया है है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक गणेश त्रिवेदी, शिक्षिका रंजना वर्मा, काजल दुबे, अंजली कुमारी आदि मौजूद थे।

### बाइक की चपेट में आने से तीन घायल



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सिघीताली मुख्य पथ के मुस्कैनिया पहाड़ी के समीप बीती रात्रि सड़क पार करने के दौरान बाइक की चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घायलों में टीकर टोला निवासी दिनेश प्रजापति पिता रामदास प्रजापति, सिंघिताली निवासी बीरेंद्र भुईयां पिता किशन भुईयां के नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है, की दिनेश प्रजापति अपने घर के पास सड़क पार कर रहा था इसी बीच सिंघीताली को ओर से भवनाथपुर आ रहे एक बाईक पर सवार तीन लोग धक्का मारकर गिर पड़े, जो तीनों लोग काफी शराब के नशे में धुत थे और चालक बिरेंदर को छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### डेड बॉडी आते ही चीत्कार से मातम छा गया


मृतक विकास बैठा

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलान पंचायत के मंगरदह टोला में एक युवक का बेंगलोर से डेड बॉडी आने से टोले में चीत्कार से मातम छा गया। मृतक मंगरदह टोला निवासी उदय बैठा के 22 वर्षीय पुत्र विकाश बैठा है। उक्त युवक एक माह पूर्व मजदुरी करने बंगलौर गया था, इस बीच रात्रि में अचानक पेट व माथा में दर्द होने के चलते उसकी स्थिति खराब देख ईलाज के लिए उसे कर्नाटक हॉस्पिटल में ले गए जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों द्वारा प्राइवेट एंबुलेंस से अपने घर लाया गया। परिजनो ने बताया कि कंपनी व ठिकेदार द्वारा कोई खर्च नही दिया गया है, कंपनी व ठिकेदार का भी पता नही है। शव आने की जानकारी मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि रामप्रताप यादव, समाज सेवी अयोध्या साह, नागेंद्र साह, नगीना यादव, प्रभु भुईया, अंबिका भुईयां, प्रवेश बैठा, सुरेंद्र यादव सैकड़ों लोग मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

### वैवाहिक कार्यक्रम मटकोड़वा रोकने को लेकर विवाद

# 10 नामजद और आधा दर्जन अज्ञात पर एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज हुआ केस

**बलराम शर्मा**




**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोहवरिया गांव में वैवाहिक कार्यक्रम के लिए मटकोड़वा रोकने को लेकर शुक्रवार को मेराल थाना में 10 नामजद तथा आधा दर्जन अज्ञात लोगों पर एससी एसटी सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। इस संबंध में गांव के ही नरेश राम द्वारा थाना में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि बीते 14 मई को अपनी लड़की के मटकोडवा तथा 15 मई को गांव के ही निहोरा राम के लड़का के शादी का मटकोडवा कोडने के लिए गांव के ही सार्वजनिक जमीन, जहां गांव के सभी जातियों का मटकोड़वा होता है, अपने सगे संबंधियों के साथ गए हुए थे, जहां चौधरी जाति के लोग मनोज कुमार चौधरी, दिनेश चौधरी, रमेश चौधरी, महेंद्र चौधरी, देवेंद्र चौधरी, पप्पु चौधरी एवं संतोष गुप्ता, अजित कुमार चौधरी, श्याम लाल चौधरी तथा महेश चौधरी एवं 5-10 अज्ञात व्यक्ति आकर मटकोड़ना कोडने के लिए रोकने लगे और गाली ग्लौज मारपीट करने लगे। इस दौरान लोगों ने हम सभी को जाति सूचक गाली देते हुए महिलाओं के साथ भी धक्का मुक्की करते हुए बेइजत किया गया। बहुत देर के बाद मुखिया के आने के बाद मटकोड़वा हुआ। आवेदन में कहा गया है कि उपरोक्त लोगों द्वारा गांव में हमेशा दंगा भड़काने का काम किया जाता है। आवेदन पर गवाह में उजेश राम, दिलीप राम, अशोक राम, ब्रजेश राम, सुनील राम दयाराम तथा मनोज राम द्वारा हस्ताक्षर किया गया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि आवेदन पर थाना में एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया गया है।

# बेहोशी की हालत में मिली महिला, भर्ती

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मेराल थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी शिवदत्त चौधरी की पत्नी काजल कुमारी को शुक्रवार को अचेत अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि उसके कान से रक्त निकल रहा था। काजल घर में अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। जानकारी मिलने के बाद परिजन उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** श्री शनिदेव धर्मार्थ आश्रम वॉलीबॉल क्लब अहिपुरवा के तत्वधान में शनिदेव मंदिर के प्रांगण में गुरुवार की देर शाम में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान,झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काट कर तथा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने प्रतिभाग लिया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत होती रहती है, हार से सबक लेकर जीत की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज युवा खेल में भी अपना करियर बना रहे हैं। खेल प्रेम भावना का प्रतीक है, प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपना दम दिखाया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से खिलाड़ी को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कमिटी को हर वर्ष इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित कर बेहतर खिलाड़ी का चयन करने को कहा। इससे यहां के खिलाड़ियों को राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व का मौका मिले। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन दिखाने की शुभकामनाएं दी। उद्घाटन का पहला मैच वॉलीबॉल वरियस जंगीपुर बनाम बिलासपुर के बीच खेला गया। जिसमे वॉलीबॉल वरियस जंगीपुर ने 2 - 1 की सेट से मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। वही दूसरा मैच बनसानी भवनाथपुर बनाम सिंहपुर के बीच खेला गया। जिसमे बनासनी की टीम ने 2 - 1 की सेट से जीत हासिल किया। जबकि तीसरा मैच अहिपुरवा बनाम नगर उंटारी के बीच खेला गया। जिसमे नगर उंटारी की टीम 2 - 1 की सेट से अहिपुरवा को हराया। चौथा मैच धुरकी बनाम अहिपुरवा सीनियर के बीच खेला गया। जहां धुरकी की टीम ने 2 - 1 की सीट से अहिपुरवा सीनियर को हराकर अगले चक्र में अपना स्थान बनाई। वॉलीबॉल मैच में निर्णायक की भूमिका आशुतोष सिंह बोलबम ने निभाई। वही मैच में रेफरी की भूमिका सतीश कुमार,अनुराग गिरी एवं कालिंद्र पटेल ने किया। लाइन मैन वीरेंद्र उरांव,घनश्याम यादव ने किया। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष सुभाष पासवान, कोषाध्यक्ष गुलाब पासवान, सचिव अशोक कुमार, सखनू पासवान, अनुराग गिरी, सतीश कुमार, शुभम यादव, आनंद शुक्ला, नंदकिशोर चौबे, राजेश रजक, चंदन मेहता , जयकुमार पासवान, मनीष कुमार, अंकित कुमार, सचिन कुमार, दिवाकर कुमार, अंकुश राजा, अजय, श्याम, सुजीत, सूरज मौजूद थे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के प्रांगण में गुरुवार को एनजीओ के जन भावना फाउंडेशन के बैनर तले एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य के डॉक्टर संजय सिंह के द्वारा निःशुल्क दर्जनों रोगियों की स्वास्थ्य जांच की गयी। डॉक्टर द्वारा उच्च रक्तचाप, मधुमेह व सर्दी-खांसी, बुखार आदि की जांच की गयी तत्पश्चात आवश्यकतानुसार रोगियों को दवा भी उपलब्ध करायी गयी। दवा लेने वालों में सुरेंद्र भगत, सुलेमान अंसारी, चंपा देवी, प्रमिला देवी, रवीना खातून, संतरा देवी, मीना बीबी सहित कई अन्य का नाम शामिल है। उक्त जांच शिविर का आयोजन जनभावना फाउंडेशन के गढ़वा जिला प्रमुख प्रकाश तिवारी की उपस्थिति में हुई। मौके पर डॉ पंकज कुमार, कांडी के संस्था प्रमुख बसंत चंद्रवंशी, केतार संस्था प्रमुख रंजीत पासवान, घटहुआं कला पंचायत की प्रमुख बबिता देवी, जागृति देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आश्रित पत्नी को दो लाख का चेक दिया



**सगमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने आश्रित पत्नी को दो लाख का चेक दिया। श्री बंसीधर नगर प्रखंड निवासी रामलखन ठाकुर की मृत्यु कुछ दिनों पूर्व एक सड़क दुर्घटना में हुआ था। मृतक ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिलासपुर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के तहत बीस रुपये प्रतिवर्ष प्रीमियम का बीमा कराया था। इसकी मृत्यु के पश्चात बैंक द्वारा मृतक की पत्नी सरस्वती कुंवर को बैंक के कैशियर रामेश्वर प्रसाद सखा प्रबंधक अशीस कुमार ने संयुक्त रूप से मृतक के आश्रित पत्नी को दो लाख का चेक प्रदान किया। इस मौके पर सखा प्रबंधक ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा गरीबों को एकदम कम प्रीमियम मात्र बीस प्रतिवर्ष पर सुरक्षा बीमा से कवर किया गया है, जो गरीबों के लिए अति लाभकारी है किसी आकस्मिक दुर्घटना होने पर आश्रित को जीवन बिताने के लिए संबल का काम करता है। इस अवसर पीआर मुख्य रूप से चंचला देवी मंटू चौधरी औषध कुमार धनंजय चौबे उपस्थित थे।

# बड़े पैमाने पर हो रही बालू की कालाबाजारी की न्यायिक जांच हो : सत्येंद्रनाथ तिवारी

- हाईकोर्ट, चुनाव आयोग और राज्यपाल से अविलंब संज्ञान लेने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा है कि स्थानीय विधायक सह मंत्री के संरक्षण में गढ़वा एवं पलामू में पिछले साढ़े चार वर्षो से लगातार अवैध तरीके से बालू की कालाबाजारी हो रही है। अवैध तरीका से हो रहे बालू की कालाबाजारी के दौरान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 50 से अधिक लोगों की जान चली गई है। उन्होंने कहा कि बालू की कालाबाजारी से आम-आवाम परेशान हो चुके है। बालू के कारण गढ़वा एवं पलामू में कई बार खून-खराबा की घटना हो चुकी है। इसका ताजा उदाहरण गढ़वा जिले के मेढ़नाकला और पलामू जिले के गुरहा के लोगों के बीच हुए खूनी झड़प, मारपीट की इस घटना में कई लोग घायल हो गए है।

पूर्व विधायक ने मंत्री से सवालिया लहजे में कहा कि बालू के चक्कर में आखिर गढ़वा के और कितने लोगों का जान लेंगे? उन्होंने कहा कि बालू के कारोबार में चल रहे ट्रैक्टर मालिकों को रात में बालू उठाव के लिए परमिशन दिया जाता है। उसके एवज में रात भर बालू के कारोबार में ट्रैक्टर चलाने के लिए पहले ही मोटी रकम जमा करा लिया जाता है। कारोबार में संलिप्त ट्रैक्टर रात भर में अधिक से अधिक बालू का ट्रीप करने के नियत से तेज गति से ट्रैक्टर चलाते है। जिसके कारण सड़क दुर्घटना में 50 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। उसमें आम राहगिर, ट्रैक्टर ड्राइवर और मजदूर शामिल है। उन्होंने कहा कि जब गढ़वा में एक भी बालू घाट की बंदोबस्ती या टेंडर हुआ ही नहीं है, तो बालू घाट से बालू की ढुलाई किसके आदेश से हो रहा है। पूर्व विधायक ने गढ़वा जिला में हो रहे बालू की कालाबाजारी और मौत के मामलें में झारखंड हाईकोर्ट, चुनाव आयोग और राज्यपाल से अविलंब संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में बालू कालाबाजारी को लेकर लोगों की जान जाने का सिलसिला कब रूकेगा, यह मंत्री जी को बताना चाहिए।

सत्येंद्र नाथ तिवारी जी ने कहा कि आज हाईवा से, बड़ी-बड़ी गाड़ियों से बालू का चोरी हो रही है। यहां का बालू यूपी और कई अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है। इस पर मंत्री जी का मुंह बंद है लेकिन जब यहां के स्थानीय लोग प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए, चौपाल बनाने के लिए

ट्रैक्टर से बालू लाते हैं तो पुलिस उन लोगों से पैसे की वसूली करती हैं। आज गढ़वा एवं पलामू में कोई वैध घाट नहीं है। गठबंधन की सरकार का कार्यकाल समाप्त होने को है लेकिन इतने दिनों में किसी भी घाट का टेंडर नहीं करवा कर सरकार बालू के अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रही है। जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व विधायक ने कहा कि इस मामलें में वह जल्द ही राज्यपाल से मिलकर गढ़वा में अवैध तरीके से हो रहे बालू के कारोबार की जानकारी देकर बालू की कालाबाजारी का निष्पक्ष जांच न्यायिक पदाधिकारियों की कमेटी बनाकर कराने की मांग करेंगे।

## बाल संरक्षण समिति के प्रयास से बाल विवाह का शिकार होने से बची नाबालिग लड़की



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बाल संरक्षण पदाधिकार अल्ताफ अंसारी और उनकी पांच सदस्यी टीम के प्रयास से एक नाबालिग किशोरी बाल विवाह क शिकार होने से बच गयी। जानकारी के अनुसार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को सूचना मिली कि तोरपा थाना क्षेत्र के सुंदारी गांव में एक नाबालिग किशोरी की शादी होनेवाली है। बाल संरक्षण पदाधिकारी ने इसकी लिखित सुचना अनुमंडल दंडाधिकारी, खूंटी की दी और टीम गठित करने का अनुरोध किया। अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा पांच सदस्यीय जांच टीम गठित की गयी। जांच के दौरान पता चला कि बालिका की उम्र 16 वर्ष है। बालिका की शादी की बात कामडारा, गुमला में चल रही थी और इसी महीने शादी होनेवाली थी। नाबालिग लड़की को शनिवार को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्स्तुत किया जायेगा। बालिका के माता पिता से नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र लिया जायेगा कि जब तक बालिका की उम्र 18 वर्ष नहीं होगी, उनका विवाह नहीं करेंगे। साथ ही संबंधित ग्राम बाल संरक्षण समिति द्वारा इसका फॉलोअप किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह कानूनन अपराध है। इसके लिए सजा एवं दण्ड दोनों का प्रावधान है। यह जानकारी बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा दी गयी। जांच टीम में तोरपा की अंचल अधिकारी पूजा बिन्हा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अल्ताफ अंसारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय और महिला थाना प्रभारी, खूंटी शामिल थे।

# इंडिया गठबंधन की देश में चल रही है लहर: बन्ना गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** रांची लोकसभा क्षेत्र के कुकडु प्रखंड के कुकडु हाट मैदान में आयोजित इंडिया गठबंधन के चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राज्य के मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमे एक बड़ा निर्णय लेने की जरूरत है। इंडिया गठबंधन की लहर देश भर में हैं। भाजपा का चेहरा मुरझाया हुआ है। 2014 में महंगाई के नाम पर भाजपा ने चुनाव लड़ा। गैस सिलेंडर दिखाकर हल्ला किया। डीजल और पेट्रोल पर राजनीति की। सत्ता में आने के बाद महंगाई को भूल गयी। काला धन लाने का वादा किया। पंद्रह लाख क्या पंद्रह पैसा भी नहीं मिला। किसी भी युवा को नौकरी नहीं मिला। भाजपा का सब वादा जुमला साबित हुआ। ये 2024 आपके सफल निर्णय का



दिन है। राज्य सरकार ने किसान जनता के हित में कई काम किया। हमारी सरकार ने सभी को पेंशन दिया। भाजपा ने ग्यारह लाख राशन कार्ड को डिलीट किया। पांच हजार स्कूल को भाजपा सरकार ने बंद करवाया। मोदी सरकार में गैस के दाम को चार सौ से बारह सौ कर दिया। हाथ छाप में वोट देकर भाजपा को जबाब देगी जनता। इंडिया गठबंधन की लोकसभा में लहर बना हुआ है। झूठा केस में हेमंत सोरेन को जेल भेजा। उन्होंने जनता से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्वनी सहाय को हाथ छाप पर वोट देकर विजय बनाने की अपील किया। ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड में 1932 का खतियान का मुद्दा उठाया। केंद्र के भाजपा सरकार सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है। वहीं कांग्रेस प्रत्यासी यशस्वनी सहाय ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता, किसान को सिर्फ ठगा हैं। महिलाओं को अपमान किया। हमारी झारखंड सरकार ने जनता को अबुआ आवास देने का काम किया। सभी धर्म जाति को सम्मान दिया। किसानों की आय वृद्धि, सर्वजन पेंशन, सावित्री वाई फूले, कई योजनाओ को धरातल पर उतारा। लोकतंत्र और संविधान के बचाव के लिए इंडिया गठबंधन को जिताने का काम करें। मैं जनता की आवाज बनने का काम करूंगी। भाजपा हिंदू मुस्लिम की राजनीति करते हैं।

हम गरीब को अधिकार दिलाने का काम किया। मां बहन की आबरू बचाना हमारा दायित्व है। उन्होंने लोगों को हाथ छाप में वोट देने का अपील किया। साथ ही मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का तबियत ठीक नहीं रहने के कारण सभा में उपस्थित नहीं हो पाए।

## यशस्विनी सहाय के पक्ष में जनसंपर्क



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा, आदिवासी बुद्धिजीवी समाज और झामुमो खलारी प्रखंड के द्वारा इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष मे लपरा पंचायत में डोर टु डोर जनसंपर्क एवं नुकड़ सभा का आयोजन किया गया। रांची लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाये। लपरा पंचायत के गंझु टोला, मैन टोला हेसालौग और जोभीया, बघमरी में जनसंपर्क किया गया। इस जनसंपर्क में मुख्य रूप से रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष बिगन भोगता, रंथू उरांव, शिवनारायण लोहरा, किशुन मुंडा, शाशी मुंडा, श्रवण गझू, मनोज मुणडा, अकाश मुंडा, रमेश तुरी, अर्जुन गंझु, शिशु देवी, रीता देवी प्रमिला देवी ममता देवी, भोला गझू, संजय गझू कोलेशर, तुलसी देवी राजकुमारी देवी, रीना देवी, नागो देवी, शकुंतला देवी, प्रमिला देवी, मालो देवी, ललिता देवी,ममता देवी, अनिता देवी, जनती देवी, सरस्वती देवी, एतवरिया देवी, बिरसी देवी, देवांति देवी, सीता देवी, रिझनी देवी, अर्जुन गंझू, लालदेव गंझू, कल्लू गंझू, रामकिशन गंझू,अभिषेक गंझू,अभिषेक गंझू, अमन गंझू सहित कई लोग शामिल थे।

## मोटरसाइकिल रैली से किया जनसंपर्क

**राहे (आजाद सिपाही)।** रांची लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान कराने को लेकर राहे मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो की नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली निकाली। मोटरसाइकिल रैली नावाडीह पंचायत के हर गांव में घूम कर लोगों को भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने की कहा गया। मंडल अध्यक्ष ने गांव के लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताये। केंद्र में पुन मोदी सरकार के लिये भाजपा को वोट देने को कहा।

# दो पिकअप वाहन से लगभग 1200 किलोग्राम अफीम डोडा जब्त, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के मुरहू थानांतर्गत ग्राम गुंपडू और कातिंगकेल क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को छापामारी अभियान चलाकर दो पिकअप वाहन से तस्करों द्वारा अन्यत्र ले जाने के लिए बोरों में भरकर रखे गए लगभग 1184 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा बरामद किया। बरामद अफीम डोडा और दोनों पिकअप वाहनों (जेएच 05बीएक्स 9389 और जेएच 01सीएस 7416) सहित मौके पर बरामद एक मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया। साथ ही मौके पर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में मुरहू के गुम्पडू गांव निवासी दाऊद कंडीर (40 वर्ष)





तथा सुनील कंडीर हैं, जिनके विरुद्ध मुरहू थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह जानकारी जिला पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गयी। बताया गया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुम्डूपु गांव के ग्रामीणों द्वारा जंगली क्षेत्र में छिपाकर रखे गए अफीम डोडा को अन्यत्र ले जाने के लिए तस्कर आनेवाले हैं। सूचना पर वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार एक छापामार टीम का गठन कर सूचना के सत्यापन के लिए उक्त क्षेत्र में छापामारी की गयी, तो पुलिस को यह सफलता हाथ लगी। छापामार टीम में मुरहू थाना प्रभारी नायल गोडवीन केरकेट्टा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**मोटरसाइकिल से अफीम डोडा ले जा रहा आरोपित गिरफ्तार :** दूसरी ओर अड़की थानांतर्गत सरगेया पुल के समीप से भी पुलिस ने एक मोटरसाइकिल में लादकर अन्यत्र ले जा रहे 104 किलोग्राम अफीम डोडा को जब्त किया। मौके पर मोटरसाइकिल चालक टांगरटोली बुंडू निवासी हरेकृष्ण महतो (56 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध अड़की थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामार टीम में अड़की थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव, अड़की थाना के एसआई रोशन कुमार, एसआई रोशन खाखा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ता



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा पिपरवार मंडल के कई कार्यकर्ता शुक्रवार को केरेडारी में आयोजित उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कार्यक्रम में शामिल हुए। जानकारी के अनुसार सभी कार्यकर्ता बचरा चार स्थित शहीद कृष्णा महतो चौक मे एकत्रित हुए और सभी भाजपा कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा का नेतृत्व में जमकर नारेबाजी के साथ एक साथ केरेडारी के लिए रवाना हुए। इस संबंध में भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य केरेडारी मे जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, धीरेंद्र कुमार शर्मा, अजय कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, मुकेश राणा, धनराज भोक्ता, संजय भोक्ता, राजेश महतो, बबिता देवी, रीना देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मेरी लाइफ कार्यक्रम के तहत सीआइएसएफ के जवान मैराथन दौड़ में हुए शामिल




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआइएसएफ के जवान शुक्रवार को मेरी लाइफ कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ में शामिल हुए। इस दौरान राय कोलियरी झुला पुल से लेकर पिपरवार लायंस क्लब तक सीआइएसएफ के जवान और अधिकारियों ने मैराथन दौड़ लगाया। सीआइएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस के नेतृत्व में जवान और अधिकारियों ने करीब पांच किलोमीटर तक मैराथन दौड़ लगाया। मैराथन दौड़ मे काफी संख्या मे महिला सुरक्षा कर्मी शामिल हुए। इस मौके पर सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस,सहायक कमांडेंट संजय कुमार मीणा, इंस्पेक्टर सरफराज आलम, संतोष नेगी, सब इंस्पेक्टर डीके चौधरी सहित कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।

## तपकारा थाना के नये भवन के लिए भूमि पूजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार की मौजूदगी में शुक्रवार को तपकारा थाना के नये भवन के लिए भूमि पूजन किया गया। तपकारा बाजार टांड़ में बनने वाले नये भवन के लिए हुए भूमि पूजन में तपकारा के थाना प्रभारी राजू कुमार ने यजमान की भूमिका निभाई। पंडित रवि पाठक ने वैदिक विधि विधान से पूजन अनुष्ठान संपन्न कराये। मौके पर एसपी ने कहा कि तपकारा के लोगों का सौभाग्य है कि बाजार टांड़ में नये थाना भवन का निर्माण होने जा रह है। इससे इस क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में सफलता मिलेगी और पुलिस कर्मियों को भी सहूलियत होगी। मौके पर तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा, तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, तोरपा थाना पभारी प्रभात रंजन पांडेय, प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कुमार कर, नीरज पाढ़ी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर पुलिस भवन निर्माण निगम के सहायक अभियंता ने बताया कि लगभग दो करोड़ रुपये की प्राक्कलित राशि से अत्याधुनिक थाना भवन का निर्माण कराया जायेगा। 12 महीने में भवन निर्माण का कार्य पूरा हो जायेगा।

# खूंटी जेल में बंद रेप पीड़िता ने बयान बदला, गर्भपात पर भी अलग दावे

## डीसी ने गठित की जांच कमेटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जेल में बंद रेप पीड़िता ने अपना बयान बदल लिया है। वहीं जेल में गर्भपात कराने के दावे पर भी आरोपी की ओर से सवाल उठाये गये हैं। मामले की पूरी जांच के लिए डीसी ने टीम का गठन कर दिया है। बता दें कि खूंटी जेल में बंद एक महिला बंदी ने राष्ट्रीय महिला आयोग को कथित तौर पर एक पत्र लिखा है। पत्र में आरोप लगाया है कि उसे रिहा कराने का लालच देकर जेल के दो कर्मचारियों ने उसके साथ एक माह तक दुष्कर्म किया। जब वह प्रेग्नेंट हो गयी तो उसे जान से मारने की धमकी दी। पत्र के माध्यम से महिला बंदी ने कहा कि दोनों आरोपी कर्मचारियों के साथ उसकी मुलाकत कुछ महीने पहले हुई थी। दोनों ने मिल कर उसे जेल से रिहा कराने का प्रलोभन दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने क्लर्क सह प्रभारी कारापाल शहजादा और जेल जमादार विनोद पांडेय पर एक महीने तक दुष्कर्म का आरोप लगाया है।

### महिला ने पत्र भेजने से किया इनकार

इस मामले को राष्ट्रीय महिला आयोग ने अपने संज्ञान में लिया और जांच के लिए खूंटी जिला के डीसी को लिखा। आयोग से निर्देश के बाद डीसी ने मामले की जांच के लिए कमिटी का गठन कर दिया है। कमिटी का अध्यक्ष एसडीएम को बनाया गया है। साथ ही इसमें एक महिता मजिस्ट्रेट और एक महिता डॉक्टर को रखा गया है। आधिकारिक सूत्रों से मिली अपुष्ट जानकारी के अनुसार अब युवती कोई भी आवेदन महिला आयोग को भेजने की बात से इनकार कर रही है। युवती का कहना है कि ये सब बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। वह क्यों अपनी इज्जत स्वयं उछालेगी।

बता दें कि युवती का पुश्तैनी घर खूंटी जिले में है। लेकिन वह पंजाब के लुधियाना में रह रही थी। पुलिस ने उसे अफीम तस्करी के आरोप में उसकी मां के साथ गिरफ्तार किया है। खबरों में ये भी बताया जा रहा है कि पत्र और युवती की हैंडराइंटिंग में फर्क है।

# यशस्विनी के पक्ष में इंदिरा ने किया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव इंदिरा देवी के नेतृत्व में डकरा में रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन से कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के पक्ष में जनसपंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डकरा के झारखण्ड कॉलोनी, डकरा बी-टाइप, हॉस्पिटल पीछे डबल स्टोरी सहित आसपास के जगहों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और कांग्रेस पार्टी की नीतियों और सरकार बनने पर लागु की जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। इंदिरा देवी ने कहा कि यशस्विनी सहाय एक युवा और सशक्त उम्मीवार है। 25 मई को यशस्विनी सहाय को अधिक से अधिक मतदान कर विजयी बनाये। जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से मुन्ना देवी, नीलू देवी, सुमन देवी, सुधा झा, नेलिस्टेला, अनिता देवी, गायत्री देवी, उमीर्ला शामिल थी।



## रैयत विस्थापित मोर्चा ने यशस्विनी सहाय के पक्ष में लपरा पंचायत में किया जनसंपर्क



**मैकलुस्कीगंज।** रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा इण्डिया गठबंधन के रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में लपरा पंचायत के पंचायत के गंझू टोला, मैन टोला हेसालौग एवं जोभीया, बघमरी सहित अन्य जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान में मुख्य रूप से रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रंथू उरांव सहित अन्य शामिल थे। अभियान में शिवनारायण लोहरा, किशुन मुंडा, शषि मुंडा, श्रवण गंझू, मनोज मुंडा, अकाश मुंडा, रमेश तुरी, अर्जुन गंझू, शिशु देवी, रीता देवी, प्रमिला देवी, ममता देवी, भोला गंझू, संजय गंझू, कोलेशर भूईयां, तुलसी, राजकुमारी शामिल थे।

## कुआं में गिरकर डूबने से युवती की हुई मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के रनिया थानांतर्गत ग्राम भीमा टोली तोकेन निवासी साधु लोहरा नामक ग्रामीण की 18 वर्षीय पुत्री रीना कुमारी की अपने घर के समीप स्थित कुएं में गिरकर डूबने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रीना गुरुवार शाम अपने घर के समीप स्थित कुएं पर पानी भरने गई थी, लेकिन फिर वापस घर नहीं लौटी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर स्वजन उसे ढूंढने निकले। खोजबीन के दौरान जब रीना का कहीं कुछ पता नहीं चला, तब कुएं में जाकर देखा गया, तो कुएं के अंदर से उसका शव बरामद हुआ। बाद में इसकी सूचना रनिया थाना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर शुक्रवार सुबह रनिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि पानी भरने के दौरान वह कुएं में गिर गयी होगी और डूबने से उसकी मौत हो गयी। इस संबंध में रनिया थाने में अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय से रवाना मतदाता जागरूकता रथ, जागरूक करेगा



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा शुक्रवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय से मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया गया। पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर इस मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया। सीबी सहाय ने कहा कि यह मतदाता जागरूकता रथ पिपरवार क्षेत्र के बचरा आवासीय कालोनी और ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम करेगा। इस मौके पर जीएम सीबी सहाय, एजीएम रंजय सिन्हा, एसओपी नागेश गोपालन, एसओसी सुमन कुमार, जीएसपी शर्मा, इन्द्रजीत सिंह, जेएन दत्ता, सुभोजित हलदर, आरिश इकबाल, कार्मिक प्रबंधक रवि बाड़ा, उज्जवल कुमार, ज्योति कुशवाहा, श्रमिक प्रतिनिधि मुंद्रिका प्रसाद, एसके चौधरी, भीम सिंह यादव, एसडी राम, दिलिप गोस्वामी मौजूद थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के अंगराबारी के एक नाबालिकग लड़की से बलात्कार का ममला प्रकाश में आया है. घटना 16 मई की रात की है। पुलिस ने घटना के आरोपित आनंद नाग को गिरफ्तार कर लिया है। वह होमगार्ड का जवान बताया जाता है। जानकारी के अनुसार पीड़िता 13 मई को लोकसभा चुनाव के दौरान अंगराबारी स्थित बूथ पर वोलेंटियर के रूप में काम कर रही थी ।बवहीं पर आनंद नाग की भी ड्यूटी थी। यहीं पर दोनों के बीच दोस्ती हो गयी दोनों ने एक दूसरे को फोन नंबर दिया। 16 मई को आनन्द लड़की से मिलने अंगराबारी गया। आरोप है कि आनंद ने लड़की के साथ जबरन दुष्कर्म किया।

## पुरी धाम की दंडवत यात्रा पर निकले राजस्थान के हरि सिंह पहुंचे खूंटी

# हर दिन तय करते हैं छह-सात किमी की यात्रा अब तक पूरी कर चुके है 3500 किमी की दूरी

आजाद सिपाही संवाददता

**खूंटी।** कहा जाता है कि भक्ति में काफी शक्ति है और सच्चा भक्त कोई काम करने की ठान ले, तो उसे वह हर हाल में उसे पूरा करने का प्रयास करता है। ऐसे ही एक हठयोगी का शुक्रवार को तोरपा आगमन हुआ, जो 16 महीने से जमीन पर लेटकर दंडवत प्रणाम करते हुए 4000 किलोमीटर की पुरी धाम की यात्रा में निकले हैं। तोरपा में लोगों ने माला पहनाकर और वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। राजस्थान कें सवाई माधोपुर जिले के जौहरैया, मालियो की चौकी अमरगढ़, गंगपुर के रहने वाले हरि सिंह ने जनवरी 2023 से अपनी दंडवत यात्रा की शुरूआत की है। हरि सिंह कभी पैदल नहीं




चलते। चटाई के सहारे वे जमीन पर दंडवत प्रणाम करते हैं और फिर उठकर फिर उसी क्रिया को दुहराते हैं। कभी पैदल नहीं चलते। हरिसिंह ने बताया कि एक दिन में वे चार से पांच किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। उन्होंने बताया कि सोलह महीने की यात्रा के दौरान उनके तीस जोड़ी कपड़े फट चुके हैं। भक्त रास्ते में खाना, वस्त्र आदि दे देते हैं। हरि सिह न अपने साथ कंबल रखते हैं और न ही कोई अन्य सामान। शरीर पर लटका लटका कुर्ता-पैजामा के सहारे ही जाड़ा, गर्मी, बरसात सभी मौसम पार हो जाते हैं। पैरो न जूते हैं और न चप्पल। नंगे पावं 48 वर्षीय हरि सिंह बताते हैं कि जहां थकावट होती है, वहीं आराम कर लेते हैं चाहे जंगल हो या गांव। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी का भय नहीं है। उन्होंने कहा कि श्री हरि की भक्ति से प्रभावित होकर विश्व कल्याण के लिए उन्होंने इस कठिन यात्रा शुरू की है। उनका अंतिम पड़ाव ओडिशा के पुरी धाम है। वहां पहुंचकर जगन्नाथ महाप्रभु का दर्शन कर विश्व में शांति और खुशहाली के लिए वे श्रीहरि से प्रार्थना करेंगे।

**3500 किमी की यात्रा कर चुके हैं हरि सिंह :** हरि सिंह बताते हैं अभी तक वे लगभग 3500 किलोमीटर की दंडवत यात्रा कर चुके हैं और पांच सौ किमी की यात्रा तय करने के बाद वे पुरी पहुंचे जायेंगे। उन्होंने बतायाा कि अब तक वह अयोध्या वृंदावन, काशी विश्वनाथ के दर्शन करते हुए बिहार पहुंचे और इस समय वे झारखंड की पावन भूमि में हैं। हरि सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी, दो पुत्र और एक पोता भी है। उन्होंने कहा कि पूरी यात्रा के दौरान वे सिर्फ विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना करते रहते हैं।

## हाथियों ने बर्बाद की फसल, विधायक ने लिया फसलों के नुकसान का जायजा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में जगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शयद ही कोई ऐसी रात गुजरती है, जब जंगली हाथी कहीं घर को न ध्वस्त करते हों या फसलों की बर्बाद न करते हो। तोरपा प्रखंड की बारकुली पंचायत के मनमनी गांव में जंगली हाथियों की झुंड ने गुरुवार की रात धान और टमाटर की तैयार फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर तोरपा के विधायक कोचे मुंडा शुक्रवार को भाजपा कार्यकताओं के साथ मनमनी गांव पहुंचे और क्षति का जायजा लिया। विधायक ने कहा कि जंगली हाथियों से स्थायी निजात दिलाने में सरकार और प्रशासन पूरी तरह नाकाम है। पिछले चार दशकों से इस क्षेत्र में जंगली हाथी आतंक मचा रहे हैं, पर इसका समाधान करने की दिशा में ठोस प्रयास नहीं किये गये। उन्होंने प्रशासन सें मांग की कि प्रभावित लोगों को अवलंग उचित मुआवजा दिया जाए। मौके पर भगीरथ राय, विनय गुप्ता आदि मौजूद थे।

## शर्तों के साथ कांग्रेस को समर्थन : मुस्तफा अंसारी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर कांग्रेस को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। कहा कि वे समर्थन तो करेगें पर अकलियतों के लिए जो उनकी जायज मांग हैं उस पर वे आज भी कायम हैं। भ्रष्टाचार और उग्रवाद के खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहेगा। कहा कि विगत दिनों आइएनडीआइए के साथ मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों की एक अहम बैठक हुई थीं, जिसमें उन्होंने मुबारक मॉब लिंचिंग घटना में अबतक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किए जाने, जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में निर्दोष मुस्लिमों को जमीन संबंधी झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजे जाने, रांची शहर में हुए पुलिस गोलीकांड में मारे गए दो निर्दोष मुस्लिम युवकों को अबतक इंसाफ नहीं मिलने, बोर्ड, निगम और बीस सूत्री समिति का अबतक गठन नहीं किए जाने सहित कई मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाया था। उन्होंने राज्य सरकार पर मुस्लिमों के साथ नाइंसाफी और उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा था कि एक तरफ हजारीबाग में हुए मॉब लिंचिंग की घटना में मारे गए यूवक के परिजनों को 8 लाख रुपए मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया जाता है वहीं दूसरी तरफ मुबारक के परिजनों को मुआवजे के नाम पर आजतक फूटी कौड़ी भी नहीं दी गई। मुस्तफा अंसारी ने कहा कि उनकी मांग जायज है और चुनाव बाद वे इन मांगों पर कार्रवाई को लेकर फिर से आवाज बुलंद करेंगे।

### महंगाई, बेरोजगारी से ध्यान हटाना चाहते हैं पीएम मोदी : सुबोधकांत

# कांग्रेस नौकरियों में महिलाओं को देगी हिस्सेदारी: यशस्विनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पदयात्रा, जनसंपर्क और चुनावी सभाएं कर मतदाताओं से कांग्रेस के लिए मतदान की अपील की। इस अवसर पर यशस्विनी सहाय ने चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को हमेशा मान-सम्मान दिया है। देश में महिलाओं से संबंधित जितनी भी योजनाएं चल रही है, वह कांग्रेस की देन है। उन्होंने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार केंद्र की सत्ता में आएगी तो महिलाओं के लिए बनाई गई कई नई योजनाएं तत्काल लागू कर दी जाएगी। यशस्विनी सहाय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए देगी। इसके साथ ही केंद्र की नई नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। आशा दीदी, मिड डे मिल और आंगनबाड़ी के कर्मियों का केंद्र सरकार के हिस्से की वेतन दुगना की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह समय अच्छे दिन का झांसा देकर सत्ता में काबिज हुई मोदी सरकार को बदलने का है। इसलिए इस बार पंजा छाप में वोट देकर उन्हें विजयी बनाएं और राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के हाथों को मजबूत करें। वहीं, चुनावी सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने आरोप लगाया कि झूठे वादे के सहारे सत्ता में आई मोदी सरकार ने जनता के हित के लिए कोई काम ही नहीं किया। यही कारण है कि 10 वर्षों तक शासन करने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी अपनी एक भी उपलब्धि नहीं बता पा रहे हैं। पीएम अपनी चुनावी भाषणों में इधर-उधर की बातें कर जनता का ध्यान गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन जनता अब मोदी सरकार की सच्चाई जान चुकी है। देश की जनता ने मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का निर्णय ले लिया है। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि कांग्रेस को वोट देकर यशस्विनी सहाय को विजयी बनायें और आइएनडीआइए गठबंधन के हाथों को मजबूत करें।



जनसभा को संबोधित करते सुबोधकांत सहाय और यशस्विनी सहाय।

### इन क्षेत्रों में जनसंपर्क चुनावी सभा आयोजित

नामकुम, हुरुआ, बंधूवा, उलातु, ओंधातु, बुढ़मू, उमेडंडा, ठाकुरगांव, मुरूमगढ़ा, शहरी क्षेत्रों में बाजारटाड़ कोकर, जेपी मार्केट धुर्वा, सखुआ बागान, रातू रोड, खादगढ़ा, मधुकम, डेलाटोली, लक्ष्मी नगर, शाहदेव नगर, पंचशील नगर व पंडरा बस्ती आदि क्षेत्रों में मतदाताओं से संपर्क कर वोट मांगे।

# शरारती तत्वों ने पिठोरिया के प्रचीन शिव मंदिर के शिवलिंग को किया क्षतिग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पिठोरिया।** पिठोरिया के बाजारटांड़ स्थित पुराने शिव मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा शिवलिंग को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसके विरोध में भाजपा नेता सह जनजातीय सुरक्षा परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष अर्जुन राम के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें मंदिर को क्षतिग्रस्त किये जाने का विरोध किया गया। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि प्रशासन 24 घंटे के अंदर इस घटना का पटाक्षेप करे और दोषियों को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेजे। ऐसा नहीं करने पर ग्रामीण सड़कों पर उतरने के लिये बाध्य होंगे। अर्जुन राम ने बताया कि अभी चुनाव का समय है और असमाजिक तत्वों द्वारा एक षड्यंत्र के तहत अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही धार्मिक स्थलों की सुरक्षा की व्यवस्था भी करनी चाहिए। ग्रामिणों ने प्रशासन से मंदिर को तुरंत बनवाने तथा नियम के साथ प्राण प्रतिष्ठा करने की मांग की है। इस बैठक में मुख्य रूप से राम नारायण प्रसाद, सांवरमल शर्मा, सत्यनारायण सोनी, रामकृष्ण शर्मा, सुनीता लकड़ा, कृष्णा जायसवाल, विशेश्वर ठाकुर, मास्टर संजय मुंडा, रामदेव सोनी, तारा साहू, मुकेश वर्मा, रेणु देवी, राखी जायसवाल, सुधा जायसवाल, राधा जायसवाल, मीरा देवी, रूपा जायसवाल और संजू जायसवाल मौजूद रहे।

# संजय सेठ के पक्ष में छत्तीसगढ़ के विधायक प्रबोध मिंज ने चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में छत्तीसगढ़ के विधायक प्रबोध मिंज लुंडरू ने सिल्ली विधानसभा अंतर्गत टाटी एवं सुरसू पंचायत के सुरसू, हरजालूम, कुतूरलोवा, मैनीछापर, बन्धुवाडीह, सिंगारी एवं गुटीडीह आदि गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ की जीत सुनिश्तिक करने के लिए कमल फूल के छाप में वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। जनसंपर्क कार्यक्रम में आजसू के केंद्रीय सचिव सह जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेंद्र शाही मुण्डा, रांची जिला वरिय उपाध्यक्ष सह खिजरी विधानसभा पूर्व विधायक प्रत्याशी रामधन बेदिया, जिला सचिव शंकर बेदिया, प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर मुण्डा, श्यामसुंदर बेदिया, दिनदयाल बेदिया, धर्म देव रजवार, सोमरा बेदिया, डब्ल्यू बेदिया, बाबुलाल बड़ाईक, सोमरा उरॉव, बब्लू, लोधी बेदिया, मोहन बेदिया, सुरेश बेदिया, जगमोहन बेदिया, मधूसुदन बेदिया, कोशीला देवी, भोला बेदिया, लेदा बेदिया, पोलित देवी, गनेश बेदिया, संदीप रजवार, राजेश रजवार, फागू रजवार, राजू रजवार आदि थे।



संजय सेठ के समर्थन में प्रचार करते छत्तीसगढ़ के विधायक प्रबोध मिंज।

# नामकुम में कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** रांची महानगर कांग्रेस के महासचिव जॉय चक्रवती ने शुक्रवार को नामकुम पुरुलिया रोड स्थित ओल्ड पंजाब नेशनल बैक के समीप कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के प्रचार प्रसार के लिए चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में लोग बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, घटती कमाई, शिक्षा, महिलाओं के सम्मान, किसानों की सुरक्षा के लिए राहुल गांधी के संघर्ष को देखते हुए आइएनडआइए गठबंधन पर विश्वास कर रहे है। इस मौके पर नामकुम प्रखंड महानगर अध्यक्ष चमन रजक, उपाध्यक्ष गोपी कच्छप, झामुमो रांची जिला उपाध्यक्ष वीरू साहू, विधायक प्रतिनिधि रंजीत बड़ाईक, मंडल अध्यक्ष विजय दास, चांद खान, वार्ड अध्यक्ष सुरेंद्र राम, अशीष कच्छप, रीना सांगा, हिराहिलारिया एक्का, अमरनाथ मुंडा, दिपक राणा, सुनील यादव, प्रवीन कच्छप, सालेम डाहंगा, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, सुगत तिर्की, राजेंद्र कच्छप, विकास रजक, सतीश राम आदि उपस्थित थे।



# कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत शुक्रवार को वार्ड 47 के पाहन टोली में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य रुप से कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिन्हा उपस्थित थे। वरिष्ठ कांग्रेसियों ने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक का संचालन करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता किरण सांगा ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने को कहा। पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिन्हा ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रही है। अब समय आ गया है कि कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर केंद्र से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करे। बैठक में वार्ड पार्षद कविता सांगा, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिन्हा, जेएमएम से प्रमोद कुमार, सालेम डाहगां, बादल सांगा, आकास पाहन, सुनील मुंडा, श्याम मुंडा, प्रवीण कच्छप, विश्वनाथ मुंडा, सुखवीर यादव, राजेंद्र कच्छप, बूटरु मुंडा, आशा पाहन, राजेश सांगा, रजनी कच्छप, सुगत तिर्की, जयराम ठाकुर, डेबिट आदि मौजूद थे।



# निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र महतो के पक्ष में जनसंपर्क अभियान

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति समर्थित रांची लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो के पक्ष में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रखंड के चिलदाग, सालहन, हेसल, सिरका, चतरा, पैका, बोंगईबेडा, गेतलसूद, नवागढ़, जोन्हा, हेसातु, टाटी आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से हेलमेट छाप में वोट देकर देवेंद्र को जिताने की अपील करते नजर आये. इस दौरान लोगों का अपार समर्थन भी मिल रहा है। खासकर महिलाएं देवेंद्र के पक्ष में खुलकर सामने आ रही हैं। इतना हीं नहीं गांव-गांव में लोग आपस में चंदा के तौर पर धान, चावल एवं नकद राशि एकत्रित कर चुनाव खर्च के लिए सहयोग कर रहे हैं। कहीं-कहीं चंदा के रूप में महिलाएं आभूषण तक दे रही हैं।



# रांची जिला बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 19 को



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 15 दिवसीय रांची जिला बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर-2, धुर्वा रांची में 19 मई को होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में रांची जिले के किसी भी कोटि के विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब एवं ग्रामीण क्षेत्रों के इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर के आधार पर सभी आयु वर्गों में बीस -बीस सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिसमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला टीम की घोषणा की जाएगी। प्रशिक्षण शिविर के मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, सहायक प्रशिक्षक वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार व निखिल कुमार के देखरेख में यह प्रशिक्षण सुबह साढ़े पांच बजे से सुबह आठ बजे तक प्रतिदिन चलेगा। इसकी जानकारी रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

# तुको में दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर शिवभक्तों ने की फुलखूंदी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुको गांव में नवजागरण मंडा पूजा महासमिति के तत्वाधान में शुक्रवार को वार्षिक मंडा पूजा समारोह के दूसरे दिन धार्मिक अनुष्ठान लोटन सेवा, धुंआ-सुंआ, फुलखूंदी किया गया। धार्मिक अनुष्ठान पुजारी आशुतोष पांडेय व युगल दास गोस्वामी और पाट भोक्ता वरुण महतो की अगुवाई में किया गया। रात में फुलखूंदी के तहत शिवभक्तों ने नंगे पांव दहकते अंगारों के बीच चलकर आस्था का परिचय दिया। वहीं भोक्ताओं व सोगताईंन ने भगवान शिव व माता पार्वती के प्रति अपनी आस्था जतायी। उधर, गुरुवार की रात छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। जबकि शनिवार को झूलन के दौरान झूलते हुए शिवभक्तों द्वारा श्रद्धालुओं के बीच आस्था के फूल बरसाये जायेंगे। मौके पर गोवर्धन बैठा, शक्ति राम, मनीष राम, गौतम ताम्रकार, कुलदीप साहू, प्रदीप साहू, शाखो उरांव, रवि पहान, भागवत ताम्रकार, बाल किशुन मोची, सत्येंद्र साह आदि थे।

# करोड़ों खर्च करने के बाद भी हलक तक नहीं पहुंचा पेयजल, कुएं का पानी पीने को मजबूर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की ओर से 14वें और 15 वें वित्त के बाद वर्तमान में चल रही नल जल योजना मद में सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बाद भी लोगों के घरों में शुद्ध पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पिछले पांच साल से चल रही इन योजनाओं का सच यह है कि आज भी गांव के अधिकांश घरों में एक बूंद पानी की भी आपूर्ति नहीं हो पाई है। गांव के लोग कुंआ से पानी पी रहे हैं। वहीं गरीबों के नाम पर बन रही नल जल योजन के नाम पर लूट जारी है। लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा करोडों रुपये खर्च किए गए, लेकिन ठूंठ बनी टंकियां व आधे अधूरे टंकी बता रही है कि रुपये पानी में बह गए। गांव के लोग आज भी पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हैं। जबकि, सरकार की महत्वाकांक्षी योजना घर-घर नल जल योजना हकीकत से कोसों दूर है। पानी के बिना आज भी लोगों के हलक सूखें है। विभाग द्वारा फाइलों में योजना को शत-प्रतिशत पूरा करने का दावा किया गया है, लेकिन जमीन पर इसकी हालत काफी बत्तर है। कहीं जलमीनार आधे अधूरे है तो कहीं सूखी टंकी बदहाली की कहानी कह रही है तो कहीं सूखे नल बता रहे हैं कि योजना में भारी पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। प्रखंड क्षेत्र के 17 पंचायत के 84 गांवों में लाखों रुपये के अधिक की राशि से नल-जल योजना के तहत जिस जलमीनार का निर्माण किया गया पर वहां से एक भी घर में भी शुद्ध पानी नहीं पहुंचा। गड़बड़ी को लेकर पदाधिकारियों से शिकायत भी की गई। लेकिन इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

### इंटर में नामांकन को लेकर अंगीभूत कॉलेजों के साथ किया जा रहा भेदभाव

# अंगीभूत कॉलेज के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय पहुंचकर किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत अंगीभूत कॉलेजों में इस सत्र से इंटरमीडिएट में नामांकन प्रक्रिया शुरू कराने और पढ़ाई जारी रखने की मांग को लेकर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय मुख्यालय पहुंचकर शुक्रवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व रामचरण उरांव कर रहे थे। बाद में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने कुलपति और कुलसचिव के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि 10वीं उत्तीर्ण होने के बाद इंटर बोर्ड की अनिवार्यता को देखते हुए अंगीभूत्त कॉलेजों में सत्र 2024-26 के लिए तुरंत नामांकन की अनुमति दी जाय। आरोप लगाया कि नामांकन को लेकर भेदभाव किया जा रहा है। अंगीभूत्त कॉलेजों को छोड़कर अन्य कॉलेजों में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सिर्फ अंगीभूत कॉलेजों में इंटर में नामांकन पर रोक लगा दिया गया है। नामांकन प्रक्रिया बंद होने से गरीब व दूरदराज के बच्चे आगे उच्च शिक्षा की पढ़ाई से वंचित हो जायेंगे। उधर, विरोध प्रदर्शन को देखते हुए कुलसचिव के निर्देश पर कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता ने शिक्षकों व विद्यार्थियों से वार्ता की। उन्होंने आश्वासन दिया कि उन्हें कुछ दिनों का समय दें समीक्षा कर उचित हल निकाला जाएगा। कार्यक्रम में बुंडू कॉलेज सहित 14 अंगीभूत्त कॉलेज के विद्यार्थी व शिक्षक शामिल रहे।



रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते शिक्षक व विद्यार्थी।

# डूंगरी में आजसू की बैठक संगठन की मजबूती पर जोर



आजसू की बैठक में नेता-कार्यकर्ता।

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** नामकुम के डूंगरी पंचायत अंतर्गत किसकी गांव में शुक्रवार को आजसू के ग्राम प्रभारियों की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय समिति सदस्य सह प्रभारी राजू नायक थे। बैठक में चूल्हा प्रमूख व ग्राम प्रभारी की भूमिका पर चर्चा की गई और उनके दायित्व को समझाया गया। मौके पर राजू नायक ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए कहा कि ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुख बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेगें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुख के साथ समन्वय स्थापित कर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने को कहा। मौके पर वार्ड सदस्य कमला तिर्की, संदीप कच्छप, मंजू देवी, प्रदीप, मनोज, किशोर, मनोज एक्का, राहुल, जीवन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मनातू के पदमा में पहुंचा न्याय रथ, लोगों ने रखी समस्याएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शुक्रवार को नक्सल प्रभावित मनातू थाना अंतर्गत पदमा बाजार में चलंत लोक अदालत सह न्याय रथ पहुंचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट बीर विक्रम वक्स राय ने कहा कि चलंत लोक अदालत के माध्यम से गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं, ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सकें। उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा की ओर से कई स्कीम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नही होंगे तब तक वो शोषण के शिकार होते रहेंगे। कहा कि कानूनी जागरूकता से ब्यक्ति की दुर्बलता दूर होती है। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन अपराध हैं। उन्होंने शिक्षा के अधिकार व मनरेगा, सूचना के अधिकार आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही डायन बिसाही व ड्रग्स के बारे में विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लोग गांजा अफीम की खेती करते हैं। उनपर केस होता है। जेल जाते हैं भविष्य बर्बाद हो जाती है। पैसे की लालच में गलत कार्य करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मध्यस्तता, लोक अदालत ,विधिक जागरूकता शिविर आदि का आयोजन किया जाता है। इससे लोगों में काफी जागरुकता आया है। उन्होंने कहा कि जिनकी आमदनी तीन लाख सालाना से कम है, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित दिव्यांग, एसी, एसटी परिवार से आते हैं। महिला कारा में बंद है, बच्चे हैं। ऐसे लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जाता है। जिसके तहत केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही कोर्ट फीस माफ किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज न्याय आपके द्वारा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में एक सादे कागज पर आवेदन दे सकते हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। इस मौके पर ग्रामीणों ने चलंत लोक अदालत में कई समस्याएं रखा। ग्रामीण का आवेदन लिया गया?। इस मौके पर पीएलभी बिजय कुमार, रंजना कुमारी उपस्थित थे।

## रंजीत जायसवाल ने रक्त की व्यवस्था कर बचायी अस्पताल में भर्ती बच्चे की जान



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पूर्व उप प्रमुख सह जिला परिषद प्रतिनिधि झामुमो नेता रंजीत जायसवाल ने रक्त की व्यवस्था कर बच्चे की जान बचाई। बतातें चलें कि ग्राम खोढी के दशरथ यादव का पोता अंशु यादव को ए पोजेटिव ब्लड की एक यूनिट जरूरत थी जिसे रंजीत जायसवाल उर्फ फंटूश ने अपने स्तर से ब्लड व्यवस्था कर बच्चे की जान बचाई।

### महिलाओं को आंचल में चावल देकर डीसी ने मतदान के लिए आमंत्रित किया

# मत भूलीह ए दीदी 20 मई के मतदान करे जरूर जईह हो...

**स्वीप कार्यक्रम: तरहसी के हाई स्कूल में भव्य संध्या चौपाल का आयोजन**
**रंगोली, नुक्कड़ नाटक,शायरी के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित**



मतदाताओं को जागरूक करते डीसी व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत 20 मई को चतरा लोकसभा सीट के लिये मतदान होना है। इसी क्रम में चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा में मतदान प्रतिशत वृद्धि के लिये स्वीप के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को तरहसी के राजकीयकृत प्लस-2 उच्च विद्यालय के प्रशाल में भव्य संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन, पांकी विधानसभा के एआरओ प्रीति किस्कू व उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू नाग ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संध्या चौपाल में जेएसएलपीएस की सखी मंडल की प्रियंका दीदी ने अपने गीत प्रियंका दीदी सबसे अरज कइले हो, मत भूलीह ए दीदी 20 तारीख के मतदान करे जरूर जईह हो, लफूवों के चक्कर में न पड़ीह और न केकरो से डेरईह हो, 20 मई के आपन वोट जरूर डलीह हो गाकर लोगों को मतदान करने के प्रति प्रेरित किया। बतातें चलें कि तरहसी के इस हाई स्कूल में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में 4000 से अधिक लोग जुटे थे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व जेएसएलपीएस की सखी मंडल की दीदियां उपस्थित थी। सभी ने पहले मतदान बाद में जलपान के नारों को बुलंद किया। साथ ही विकास की गंगा बहायेंगे मतदान करने जरूर जायेंगे के नारेबाजी की।

### मतदान करने के लिए आमंत्रित करने आया हूं

संध्या चौपाल में लोगों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि होली व छठ पर्व का त्योहार प्रत्येक वर्ष आता है, लेकिन लोकतंत्र का यह महात्योहार पांच वर्ष में सिर्फ एक बार आता है। इस लिए आप सभी 20 मई को मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि हम सभी आप लोगों को 20 मई को बूथ पर जाकर मतदान करने हेतु निमंत्रण करने आये हैं।उपायुक्त श्री रंजन ने महिलाओं को अंचरा में शादी-विवाह की तर्ज पर चावल देकर मतदान करने हेतु आमंत्रण किया। उन्होंने सभी को मतदान हेतु प्रतिज्ञा शपथ भी दिलाया।

# दो मवेशी तस्कर गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा में मवेशी तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने मवेशी लदे वाहन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों के तार बिहार से जुड़े है। दोनों आरोपी बिहार के आरा जिले के रहने वाले हैं। इनके पास से पुलिस ने आठ मवेशियों को मुक्त कराया है। दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### मवेशी लदा पिकअप वैन भी हुआ जब्त

सतबरवा पुलिस को मवेशी तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने सतबरवा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 75 पर जांच अभियान चलाया। इस क्रम में पुलिस ने एक पिकअप वैन पर लदे आठ मवेशियों को मुक्त कराया। साथ ही पशु तस्करी के आरोप में मौके से बबलू यादव उर्फ सफीक कुरैशी, हृदयानंद यादव उर्फ इलताब कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी बबलू उर्फ सफीक कुरैशी आरा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर का निवासी है, जबकि हृदयानंद यादव उर्फ इलताब कुरैशी बिहार के आरा के रानीसागर के रहने वाले है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डीसी ने किया मनातू और पांकी के इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व बूथों का निरीक्षण

**सभी स्थानों पर एएमएफ की सुविधाओं को हर हाल में बहाल रखने के निर्देश**
**डीसी ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर मतदान के लिए प्रेरित किया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा के लिये 20 मई को मतदान होना है। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा के मनातू में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय व चक के इलाके में उत्क्रमित राजकीय प्लस-2 उच्च विद्यालय में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। ऊपरोक्त दोनों ही आइएसआर से अटैच्ड बूथों यथा बूथ नंबर 1, 2, 3, 7, 8, 9 ,10, 11, 12, 13, 14, 15, 16 और 17 सहित अन्य बूथों का भी जायजा लिया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, जलेया में बने बूथों पर स्थानीय बीएलओ से एएसडी लिस्ट की जानकारी ली। साथ ही वोटर इनफार्मेशन स्लीप के अवितरण सूची की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत वोटर जानकारी सूची को समय पर वितरण किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मद्देनजर पेयजल की प्रयाप्त व्यवस्था और टेंट अनिवार्य रूप से लगाने पर बल दिया।

### चक में बने अंतरराज्यीय चेक नाका एवं पुलिस पिकेट का भी लिया जायजा

**आइएसआर व बूथों का निरीक्षण के बाद डीसी शशि रंजन ने चक में बने अंतरराज्यीय चेक नाका व पुलिस पिकेट का भी जायजा लिया। इस दौरान पिकेट के कुछ जवानों ने उपायुक्त से पंखा लगवाने के लिए अनुरोध किया। इस पर डीसी ने मनातू सीओ को अविलंब पंखा लगवाने का निर्देश दिया।उन्होंने मनातू सीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से विभिन्न मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पांकी के ताल उच्च विद्यालय में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। मनातू व पांकी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें आगामी चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, संबंधित बीडीओ-सीओ, सेक्टर पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।**

# आजसू के बोकारो विधानसभा प्रभारी सम्मेलन का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** आजसू के बोकारो विधानसभा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन जिला अध्यक्ष सचिन महतो की अध्यक्षता में चास स्थित दीपांजलि सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें चास नगर, प्रखंड व बोकारो महानगर के सभी प्रभारी व पदाधिकारी उपस्थित हुए। इस दौरान जेडीयू नेता मो सुल्तान अपने समर्थकों से साथ आजसू में शामिल हो गए।इस असर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतों से जितना है और देश में फिर से नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में एनडीए की सरकार बनाना है। मौके पर केंद्रीय सचिव संजय चक्रवर्ती, विश्वनाथ महतो, जिला सचिव बंकु बिहारी सिंह, विकाश महथा, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक महतो, नगर अध्यक्ष अभय शर्मा, महासचिव वीरू हरि, ओबीसी चास नगर अध्यक्ष अमर पाल, कार्तिक गोराई, विश्वनाथ गोराई आदि उपस्थित थे।

## बोकारो संगीत कला अकादमी में महिला समिति की ओर से संचालित नयी लाइब्रेरी का लोकार्पण

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील सिटी में साक्षरता और सांस्कृतिक संवर्धन में एक नया अध्याय जोड़ते हुए सेक्टर 4सी स्थित बोकारो संगीत कला अकादमी में महिला समिति की ओर से संचालित नई लाइब्रेरी का लोकार्पण महिला समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन व अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (एसआरयू) पीके रथ, मुख्य महाप्रबंधक, वरीय अधिशासी, महिला समिति की उपाध्यक्ष प्रीति शरण, इती रथ, मोनिका रंगानी, सचिव बंदना झा, कोषाध्यक्ष रीता रानी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, सुरभि प्रभारी, अभिरुचि प्रिया आदि शामिल थे। बतातें चलें कि महिला समिति द्वारा पूर्व में सेक्टर 1सी में संचालित लाइब्रेरी का बोकारो संगीत कला अकादमी परिसर में स्थानांतरण किया गया है, ताकि यहां उपलब्ध कराये गए पुस्तकों और संसाधनों के विशाल संग्रह का लोग लाभ उठा सके।

## सड़क दुर्घटना से संबंधित विवादों का ज्यादा से ज्यादा निपटारे का निर्देश

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झालसा के तत्वावधान में आठ जून को सड़क दुर्घटना दावा से संबंधित विवादों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने न्यायिक पदाधिकारीयों, इंश्योरेंस कंपनियों के अधिकारियों, अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनबाद राकेश रोशन ने बताया कि सड़क दुर्घटना से संबंधित व्यवहार न्यायालय धनबाद में आगामी 8 जून को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

# स्पोर्ट्स



बीसीसीआइए ने भारतीय टीम के हेड कोच बनने के लिए भारत के पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर से संपर्क किया है। एक एजेंसी की मानें तो आइपीएल 2024 खत्म होने के बाद आगे चर्चा होने की उम्मीद है।

# गौतम गंभीर बन सकते हैं भारतीय टीम के हेड कोच

## बीसीसीआइ ने इच्छा जानने के लिए संपर्क किया, 27 मई तक करना होगा अप्लाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआइ ने भारतीय टीम के हेड कोच बनने के लिए भारत के पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर से संपर्क किया है। एक एजेंसी के मुताबिक बीसीसीआइ ने गंभीर से यह पूछने के लिए संपर्क किया है कि वे टीम के हेड कोच बनना चाहते है या नहीं। आइपीएल 2024 पूरा होने के बाद आगे चर्चा होने की उम्मीद है। इस सीजन गौतम गंभीर केकेआर के मेंटर है। पॉइंट्स टेबल में उनकी टीम टॉप पर है और प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। बतातें चलें कि राहुल द्रविड़ फिलहाल टीम इंडिया के हेड कोच हैं। उनका कार्यकाल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो जाएगा।

### 27 मई तक अप्लाई करना होगा

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने टीम इंडिया के हेड कोच पद के लिए आवेदन मंगवाए हैं। बोर्ड ने विगत दिनों उम्मीदवारों के लिए विज्ञापन जारी किया था। उम्मीदवार 27 मई की शाम 6 बजे तक अप्लाई कर सकते हैं। बतातें चलें कि 42 साल के गौतम गंभीर को अंतरराष्ट्रीय या डोमेस्टिक लेवल पर कोचिंग का कोई अनुभव नहीं है। वह दो आईपीएल फ्रेंचाइजी में कोचिंग स्टाफ के इंचार्ज रहे हैं। आइपीएल 2022 और 2023 में वे लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर थे। वहीं 2024 सीजन में केकेआर के साथ जुड़े। गंभीर ने एलएसजी में रहते पहले दोनों सीजन में टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया। वहीं, इस सीजन भी केकेआर क्वालिफाई कर चुकी है।

### गंभीर ने बतौर प्लेयर 2 वर्ल्ड कप और दो आइपीएल जीते

**गौतम गंभीर बतौर खिलाड़ी 2007 में भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत और 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीत का हिस्सा थे। उन्होंने 2011 से 2017 तक सात आइपीएल सीजन के लिए केकेआर की कप्तानी की और उन्होंने पांच बार प्लेऑफ के लिए भी क्वालिफाई किया। बतौर कप्तान उन्होंने साल 2012 और 2014 में दो खिताब जीते।**

### नवंबर 2021 में हेड कोच बने थे द्रविड़

राहुल द्रविड़ को नवंबर 2021 में भारत का हेड कोच बनाया गया, तब टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। 2022 के टी-20 वर्ल्ड कप में टीम ने फिर सेमीफाइनल खेला। 2023 में वनडे वर्ल्ड कप के बाद द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो गया था, लेकिन टीम इंडिया के फाइनल में पहुंचने के कारण उनका कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप तक बढ़ा दिया गया। द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया की एकमात्र कामयाबी 2023 में एशिया कप के रूप में आई। भारत ने मेजबान श्रीलंका को हराकर खिताब जीता था।

# ट्रायल्स को लेकर कुश्ती संघ 21 मई को कर सकता है फैसला, विनेश-अमन ने की थी मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती संघ आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम को चुनने को लेकर 21 मई को चयन मानदंड तय करेगा। न्यूज एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, संघ उसी दिन यह तय करेगा कि कोटा हासिल करने वाले खिलाड़ी ट्रायल में हिस्सा लेंगे या फिर सीधे ओलंपिक की तैयारी में जुट जाएंगे। कुश्ती संघ के ऐसा करने से विनेश फोगाट और अमन सहरावत जैसे पहलवानों को राहत मिलेगी, जो अभी इस अधर में लटके हुए हैं कि वह ट्रायल की तैयारी करें या फिर ओलंपिक की। भारत ने ओलंपिक खेलों के लिए कुश्ती में छह कोटा स्थान हासिल किए हैं। इनमें से पांच महिला पहलवानों को मिले हैं। अमन सहरावत पुरुषों के फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान हैं। कुश्ती संघ ने कहा था कि वह 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों का चयन करने के लिए एक अंतिम ट्रायल आयोजित करेगा। पहले बताए गए मानदंडों के अनुसार यह कहा गया था कि अंतिम ट्रायल में शीर्ष चार में रहने वाले पहलवान एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे और उनमें से शीर्ष पर रहने वाला पहलवान कोटा विजेता के साथ मुकाबला करेगा। कुश्ती संघ के एक सूत्र ने कहा- डब्ल्यूएफआई ने चयन मानदंड तय करने के लिए 21 मई को दिल्ली में चयन समिति की बैठक बुलाई है। दोनों शैलियों (पुरुष फ्रीस्टाइल और महिला कुश्ती) के दो मुख्य कोच चर्चा का हिस्सा होंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या डब्ल्यूएफआई चयन समिति ट्रायल कराने का फैसला करती है या फिर कोटा विजेताओं को ही खेलों में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देती है। यदि कोटा विजेताओं को प्रतिस्पर्धा की मंजूरी दी जाती है तो इसका मतलब रवि दहिया (पुरुषों की 57 किग्रा) और सरिता मोर (महिलाओं की 57 किग्रा) जैसे पहलवानों के लिए पेरिस के सपने का अंत होगा क्योंकि वे चयन के लिए अंतिम चुनौती पेश नहीं कर पाएंगे। टोक्यो ओलंपिक खेलों के चार कोटा विजेताओं- बजरंग पूनिया, दीपक पूनिया, रवि दहिया और विनेश फोगाट को अपने-अपने वर्ग में चुनौती पेश करने की स्वीकृति दी गई थी और खेलों के करीब उनका कोई ट्रायल नहीं हुआ था।

# असामाजिक तत्वों को संरक्षित करने वालों की धमकियों से जनता नहीं डरेगी : ढुल्लू




झरिया विस क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते प्रत्याशी ढुल्लू महतो। मौके पर उपस्थित भारी भीड़।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** समाज को भय के माहौल में रखकर असामाजिक तत्वों को संरक्षण देने वालों से अब धनबाद की जनता नहीं डरेगी। इस बार सब मिलकर एक साथ देश हित में काम करने वाले और हम सब को सशक्त बनाने वाले नरेंद्र मोदी जी का साथ देगी। उक्त बातें धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कही। वे शुक्रवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की मोदी जी ने देश हित के लिए काम किया है। यहां की महिलाओं को शौचालय जाने के लिए अंधेरे होने का इंतजार करना पड़ता था, पर आज हर घर में शौचालय है। महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस-चूल्हे दिलवाए। आज गरीब को अपने इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ता। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का मुफ्त में इलाज हो रहा। जनकल्याण के लिए कार्य करने वाले नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए धनबाद की जनता एक साथ मिलकर भाजपा को वोट करेंगी। ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद में विपक्ष के लोग असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर यहां की आम जनता को धमका रहे हैं। पर इनसे यहां की जनता को डरने की कोई जरूरत नहीं है। इनका अपना भाई-बेटा ढुल्लू महतो इनके साथ खड़ा है। इस बार सब मिलकर अवश्य भाजपा को वोट करें। जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत ढुल्लू महतो ने झरिया विधानसभा क्षेत्र के मां वैष्णों माता मंदिर में मां भवानी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद रेलवे कॉलोनी, शिवाजी नगर पाध्याडीह, फुसबंगला, आजाद नगर, अयोध्या नगर, भागा 2 नं डुमरी, कोऑपरेटिव कॉलोनी, 3 नंबर डुमरी जामाडोबा, डूंगरी बस्ती वार्ड नंबर 38, डिगवाडीह सुपर कॉलोनी, भौरा बड़ा बंगला नंबर 7 एवं भौरा बाजार आदि जगहों पर भ्रमण कर लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर राजकुमार अग्रवाल, जोगिंदर यादव, जयदेव कुमार, अभिषेक पांडे, रागिनी सिंह, सुनील चौधरी, उज्जवल कुमार, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थिति थे।

# मोदी सरकार का फिलहाल कोई विकल्प नहीं : हिमंता बिस्वा सरमा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का फिलहाल कोई विकल्प नहीं। स्थिति यह की भारत की राजनीति में विपक्ष भी वैसा दमदार नहीं जो सत्ताधारी पक्ष को शिकस्त दे सके। उक्त बातें असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कही। धनबाद आगमन पर हेमंत बिस्वा सरमा के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह से औपचारिक मुलाकात के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि मौजूदा दौर में विश्व पटल पर भारत को स्थापित करने का श्रेय एकमात्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने बताया कि मौजूदा दौर में केंद्र की भाजपा सरकार अपनी हर चुनौतियों पर खरा उतरी है। दूसरी तरफ विपक्ष बिल्कुल समाप्त की ओर अग्रसर है। जबकि यह स्थिति भी अच्छी नहीं होती। कांग्रेस को अपनी इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति के प्रति चिंता करनी चाहिए। अन्यथा बहुत देर हो जाएगी और आजादी के समय का यह राजनीतिक दल समाप्त हो जाएगा।

# कांग्रेस सभी धर्म-समाज को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है: अनुपमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा सीट से आइएनडीआइए की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शुक्रवार धुआंधार चुनाव प्रचार किया। इस दिन उनका काफिला गोविंदपुर के ग्रामीण इलाकों में पहुंचा। जहां उनकी झलक पाने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। अनुपमा सिंह ने सबसे पहले ब्रिटिश शासन के खिलाफ संथाल विद्रोह (हूल आंदोलन) के नेतृत्वकर्ता वीर सिधू मुर्मू एवं कान्हू मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद कहा कि राष्ट्रहित के लिए आप दोनों महापुरूषों का पराक्रम और बलिदान हमारे लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत है। कहा कि देश में सामाजिक न्याय का संदेश फैलाने के लिए कांग्रेस निरंतर प्रयासरत है, ताकि आपसी सौहार्द बनी रहे। इसी क्रम में उन्होंने गोविंदपुर के गहिरा गांव में रोड शो एवं जनसंपर्क अभियान चलाया। देश में एकजुटता बरकरार रखने के लिए आइएनडीआइए महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। कहा कि कांग्रेस देश में श्रमिक न्याय के तहत पूर्ण रोजगार और उच्च उत्पादकता के अपने दोहरे लक्ष्य को पूरा करने के लिए औद्योगिक और श्रम कानून में आवश्यक सुधार लाएगी। मुर्गा बनी गांव में जनसंपर्क के दौरान अनुपमा सिंह ने कहा कि जो स्नेह और समर्थन मिल रहा है उससे यह साफ है कि धनबाद से कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर अनुपमा सिंह का मांदर के थाप के बीच पूरे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।



## अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील

**धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सिंह ने शुक्रवार को जोडाफाटक टेलीफोन एक्स्चेंज रोड पार्क में योगा ग्रूप व मॉर्निंग वॉकर ग्रुप के बीच जाकर धनबाद लोकसभा सीट से आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की संतोष सिंह ने कहा की मतदाता खुद ही निर्णय लें कि भाजपा और आइएनडीआइए प्रत्याशियों में से कौन सही है। एक तरफ बाघमारा मे आतंक का पर्याप्त ढुल्लू महतो तो दूसरी ओर कांग्रेस की स्वच्छ, साफ-सुथरी छवि की शिक्षित महिला प्रत्याशी अनुपमा सिंह है। इसलिए सोच समझ कर मतदान करें।**

## पत्रकारों व अधिवक्ताओं से प्रत्याशी सुनैना किन्नर ने मांगा समर्थन



**धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद लोस से निर्दलीय प्रत्याशी सुनैना सिंह किन्नर शुक्रवार को गोविंदपुर, ईस्टबसीरिया, कच्छी बलिहारी में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान वह धनबाद कोर्ट परिसर पहुंची। जहां सभी अधिवक्ताओं से मिलकर उनके पक्ष में मतदान करने की अपील कि। कहा कि अगर धनबाद लोकसभा से जीत हासिल की तो मैं यहां की जनता को कभी मायूस नहीं होने दूंगी। कहा कि किन्नर समाज भी एक प्रत्याशी के रूप में लोगों के बीच आई है और एक मौका आप सभी से मांग रही है। इसलिए धनबाद का कायाकल्प करने के लिए एक किन्नर को इस बार मौका दें।**

# राहुल गांधी पर दर्ज है 18 केस, कांग्रेस प्रत्याशी इसकी भी चर्चा करें: अमर बाउरी

## कहा : ढुल्लू महतो को लेकर की जा रही गलत बयानबाजी

- झारखंड की सभी 14 सीटों पर होगी एनडीए उम्मीदवारों की जीत
- चार जून के बाद विपक्ष के नेता बहाने बनाते नजर आयेंगें

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है राजनीतिक पारा भी उसी तेजी से बढ़ता रहा है। सभी प्रत्यासी और उनकी पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं की ओर से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का दौर भी तेज हो चला है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बोकारो सेक्टर-1 स्थित एक होटल में आयोजित भाजपा के संवाददाता सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के अलावा धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, जयदेव राय, परिंदा सिंह, मुकेश राय, विनय आनंद गौर और भानु प्रताप आदि शामिल हुए। इस अवसर पर चंदनकियारी विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर जमकर जुबानी हमला बोला। कहा कि उनके (राहुल गांधी) के खिलाफ 18 अपराधिक मामला दर्ज है। पोस्को एक्ट के तहत भी मामला दर्ज है। इस बात को भी धनबाद से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ झूठा भ्रम और मनगढ़ंत भूमिका बनाई जा रही है। षड्यंत्र के तहत ढुल्लू महतो को लेकर गलत बयानबाजी की जा रही है।



संवाददाता सम्मेल को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी व अन्य।

### 4 जून से बहाना बनाते नजर आयेगी कांग्रेस

अमर बाउरी ने कहा कि धनबाद लोकसभा समेत झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा-एनडीए की जीत होगी। विपक्षी दल को जितना आरोप लगाना है चार जून के पहले तक लगा लें। क्योंकि चार जून के बाद से विपक्ष बहाना बनाते नजर आयेगी। कहा कि झारखंड के किसी भी सीट पर भाजपा को कोई टक्कर नहीं दे रहा है। सभी जगह भाजपा व उसकी सहयोगी पार्टियों के उम्मीदवारों की प्रचंड जीत होगी। एक सवाल के जवाब में अमर बाउरी ने कहा कि जयराम महतो से भाजपा समेत एनडीए गठबंधन को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जयदेव राय सहित कई नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने मजदूरों से की एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील

**कतरास (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर क्षेत्रीय यूनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन की बैठक शुक्रवार को न्यू अकाशकीनारी कोलियरी में हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण महतो ने धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो एवं गिरिडीह के भाजपा समर्थित उम्मीदवार सीपी चौधरी के लिए मजदूरों से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो ही एक ऐसे नेता है जो कोयला मजदूरों की आवाज को मुखर तरीके से उठा कर उन्हें हर तरह के न्याय दिला सकते हैं। अब लोकसभा के माध्यम से धनबाद कोयलांचल के मजदूरों की मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस मौके पर क्षेत्रीय सचिव बसंत कुमार शर्मा, इन्मोसा के सचिव जयराम प्रसाद साव, सुदेव सिंह, सुकर महतो, संजय रवानी, उस्मान अंसारी, राजू रवानी, जगत महतो आदि उपस्थित थे।

## अनुपमा सिंह के पक्ष में विशाल वाल्मीकि ने चंदनक्यारी में निकाली बाइक रैली

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विशाल फोर्स संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मीकी ने धनबाद लोकसभा सीट से आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में शुक्रवार को चंदनक्यारी विधानसभा के मोहन, आसनसोल, बिजोलिया, बांधडीह में ने बाइक रैली निकाल कर उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि हम सब धनबाद लोकसभा क्षेत्र के निवासी पिछले 15 साल से खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। हमें फिल से वही गलती दोहरानी नहीं है। इस लिए आगामी 25 मई को युवा प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाएं। तभी धनबाद को विकास होगा।

# 4 जून की मध्य रात तक पूरे धनबाद अनुमंडल में निषेधाज्ञा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्काल प्रभाव से 4 जून की रात 12 बजे बजे तक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत पूरे धनबाद अनुमंडल में निषेधाज्ञा जारी की है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली की ओर से लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए तिथियों की घोषणा करने के बाद 16 मार्च को जारी की गई निषेधाज्ञा की अवधि पूर्ण हो चुकी है और धनबाद अनुमंडल अंतर्गत लोकसभा चुनाव कार्य प्रक्रियाधीन है। इस स्थिति में आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक निषेधाज्ञा जारी रखना आवश्यक है। इसलिए तत्काल प्रभाव से 4 जून की मध्य रात तक पूरे धनबाद अनुमंडल में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। निषेधाज्ञा के दौरान पांच व्यक्तियों या उससे अधिक के समूह में चलना, किसी प्रकार के हरवे हथियार जैसे लाठी, डंडा, भाला, गड़ासा, तलवार, तीर-धनुष आदि लेकर निकलना या चलना प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही बिना अनुमति के किसी प्रकार का बैठक करना, धरना, प्रदर्शन, सभा आयोजित करना, लाउड स्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना या निकलना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित आदर्श आचार संहिता के सारे नियम विधि-व्यवस्था एवं निर्भय और साफ-सुथरा चुनावी प्रक्रिया के लिए दिये जाते हैं। इसके बाद आचार संहिता में जो भी नियम पारित होने वाले है या होंगे वे भी नियम इसमें सम्मिलित होंगे। वहीं नेपालियों द्वारा खुखरी, सिक्खों द्वारा कृपाण, शादी विवाह से संबधित जुलूस आदि नियम से अलग हैं।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 21 को बोकारो में, करेंगे जनसभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 21 मई को बोकारो आ रहे हैं। वे वहां जनसभा को संबोधित करेंगे। तारीख निर्धारित हो चुकी है। यह जानकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता सह धनबाद लोकसभा के संयोजक सत्येंद्र कुमार ने दी। वे शुक्रवार को भाजपा के धनबाद स्थित लोकसभा चुनाव के प्रधान कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दूसरे स्टार प्रचारक के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का धनबाद का रोड शो का कार्यक्रम तय है जिसकी तिथि जल्द ही निर्धारित होनेवाली है। संभवतः 22 या 23 मई को उनका रोड शो होगा। सत्येंद्र कुमार ने कहा कि 1952 से लेकर अबतक पहली बार किसी राष्ट्रीय पार्टी ने एक स्थानीय को, पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति को अपना उम्मीदवार बनाया है इस कारण सामाजिक क्षेत्र में एक क्रांति का भाव दिखाई दे रहा है। एक तरफ ढुल्लू महतो का संघर्ष और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व है। इस लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। मौके पर संजीव अग्रवाल, मिल्टन पार्थसारथी, बृजनंदन, अजय कांत सिन्हा आदि उपस्थित रहे।



# बेरमो में दिनदहाड़े बाइक सवार दो अपराधियों ने की फायरिंग, दहशत

## बाहरी रंगदार फुसरो के व्यवसायियों से रंगदारी वसूलना चाहते हैं: देवीदास

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो थाना के फुसरो बाजार के भीड़भाड़ वाले इलाके में मोती अलंकार ज्वेलर्स नामक दुकान पर दो बाइक सवार अपराधियों ने दिनदिहाड़े कई राउंड गोलियां चलाकर दहशत फैला दी। शुक्रवार की दोपहर जब पूरे बाजार में भीड़ भी तभी हमलावर पुराना बीडीओ ऑफिस की ओर से बाइक पर सवार होकर और यूको बैंक के सामने ज्वेलरी की दुकान पर गोलियां चलाते हुए बैंक मोड़ की ओर भाग खड़े हुए। गोली दुकान में लगे शीशे के गेट पर लगी। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पर इससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। जिस समय हमला हुआ उस वक्त दुकान में दुकान संचालक अरविंद कुमार दास का पुत्र आदर्श कुमार और उसका कर्मचारी कमल चौधरी थे। जो बाल-बाल बच गए। हालांकि यह पूरा वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। उधर, घटना की सूचना मिलते ही बाजार के तमाम व्यवसायी घटना स्थल पर पहुंच गए। खबर पाकर बेरमो सर्किल इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह, बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार भी दलबल के साथ पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, दुकान मालिक अरविंद कुमार दास ने बताया कि घटना को किस वजह से अंजाम दिया गया यह स्पष्ट नहीं है। क्योंकि हमारी किसी से न तो दुश्मनी है और ना ही फोन पर कभी किसी से धमकी मिली है।



### व्यवसायियों ने किया सड़क जाम

घटना के बाद फुसरो बाजार केआक्रोशितव्यवसायियों ने निर्मल महतो चौक को जाम कर दिया और सड़क पर ही कुर्सी लगा कर बैठ गए। पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसकी जानकारी मिलने के बाद बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह निर्मल महतो चौक पहुंचे और व्यवसायियों से वार्ता कर सड़क जाम हटवाया। जीएसपी ने वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि दहशत फैलाने की नियत से गोलियां चलाई गई है। इस मामले की छानबीन कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से कुछ चिन्हित हुए है और कुछ सुराग मिले है। इस पर हमारे टेक्निकल टीम काम कर रही है। बहुत जल्द इसमें संलिप्त जो भी लोग हैं, उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, इसकी जानकारी मिलती ही सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी बेरमो थाना पहुंचे। उन्होंने कहा कि भीड़ भाड़ वाले इलाके में इस तरह का वारदात दुर्भाग्यपूर्ण है। बताया कि दुकान संचालक को पहले भी धमकी मिली थी। प्रशासन जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़े, जिससे इनका मनोबल ना बढ़े।

दूसरी ओर, युवा व्यावसायिक संघ के संस्थापक अध्यक्ष देवीदास ने कहा कि विगत वर्ष से कुछ बाहरी लोग यहां अपनी दहशत फैलाकर रंगदारी जमाने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ महीने पहले खुले आसमान में भी फायरिंग हुई थी।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
### (पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोषांग, हजारीबाग)

**प्रेस-विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोकसभा निर्वाचन–2024 के निमित्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य हेतु प्रतिनियुक्त खूँटी, सिंहभूम, लोहरदग्गा, पलामू, गिरीडीह, धनबाद, चतरा, कोडरमा, रॉंची एवं जमशेदपुर के साथ हजारीबाग के वैसे सभी मतदाता जिनके द्वारा Facilitation Centre, जबरा में किसी कारणवश अभी तक अपना मतदान का कार्य नहीं किया गया है, उन छुटे हुए मतदाताओं के लिए Facilitation Centre, जबरा में पुनः दिनांक 18.05.2024 को मतदान कार्य करया जायेगा।

अतएव निदेश है कि सभी छुटे हुए मतदाता Facilitation Centre जबरा में दिनांक 18.05.2024 को अपना मतदान कार्य करना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.05.2024 को पुनः Dispatch Centre जो निम्न दो स्थानों पर कार्य करेगा, में भी Facilitation Centre के माध्यम से मतदान का कार्य कराया जायेगा :–

| Dispatch Centre का नाम | मतदान की तिथि | समय |
|---|---|---|
| बिनोबा भावे विश्वविधालय, हजारीबाग | 19.05.2024 | 7.30 से 3.00 PM |
| संत कोलम्बस महाविधालय, हजारीबाग | 19.05.2024 | 7.30 से 3.00 PM |

**नोट**– हजारीबाग जिला का मतदान दिनांक 19.05.2024 के पश्चात् Facilitation Centre के माध्यम से नहीं किया जायेगा, परन्तु बाहरी जिला के मतदाताओं का मतदान दिनांक 20.05.2024 के पश्चात् अलग–अलग निर्धारित तिथियों को दिनांक 30.05.2024 तक Facilitation Centre जबरा में कराया जायेगा।

**नोडल पदाधिकारी**
**पोस्टल बैलेट–सह–मतपत्र कोषांग,**
**हजारीबाग**

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,**
**हजारीबाग।**

PR 324916 Election (24-25)_D

# सोआ के संस्थापक अध्यक्ष ने किया पुस्तक का विमोचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज (आईबीसीएस) फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (सोआ) के प्रो मनोरंजन दास, प्रो अयस्कांत महांति और डॉ. प्रीति षड़ंगी द्वारा लिखित 'कंटेम्पररी केस स्टडीज इन बिजनेस एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट' नामक पुस्तक का विमोचन सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोज रंजन नायक ने शुक्रवार को किया।

'कंटेंपरेरी केस स्टडीज इन बिजनेस एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट' प्रबंधन और अस्पताल प्रशासन के छात्रों के लिए एक पुस्तक है। डॉ दास ने कहा कि यह पुस्तक अन्य पुस्तकों से अलग है क्योंकि यह विभिन्न उद्योगों/कंपनियों और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों के उदाहरण देती है और विश्लेषण प्रबंधन और स्वास्थ्य देखभाल के छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने में मदद करेगा।

इसके अलावा प्रो नायक ने प्रो दाश और डॉ कमलाकांत मुदुली और पापुआ न्यू गिनी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डॉ आदिमुथु रामसामी द्वारा लिखित पुस्तक 'परियोजना प्रबंधन और अर्थशास्त्र' और प्रो दाश और डॉ मुदुली द्वारा लिखित 'संचालन प्रबंधन' का भी विमोचन किया। प्रो नायक ने लेखकों को उनके अथक प्रयासों और गुणवत्तापूर्ण पुस्तक लेखन के लिए बधाई दी और इस पहल की बहुत सराहना की।

# बीजेपी आयेगी तो विकास तेजी से होगा: हेमा मालिनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बीजेपी की स्टार प्रचारक हेमा मालिनी ने भुवनेश्वर सालिया साही में भाजपा की आश्रीबाद सभा में शामिल हुए भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं और वोट मांग रहे हैं। राजधानी भुवनेश्वर के सालिया साही में आयोजित आश्रीबाद सभा में शामिल होकर ड्रीमगर्ल ने बीजेपी सरकार में हुए विकास की कहानी का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि ओड़िशा में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, जब बीजेपी की सरकार आएगी तभी विकास होगा।



हेमा मालिनी ने कहा कि पहले यहां कांग्रेस की सरकार थी। उसके बाद 25 साल से बीजू जनता दल (बीजद) राज कर रही है। अब क्या है ओड़िशा की स्थिति? भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। बेरोजगारी बढ़ रही है। ओड़िशा में बहुत अच्छे सांस्कृतिक स्थान, प्राकृतिक उपादान हैं। पर्यटन का खूब विकास हो सकता है। बीजद सरकार ने 25 साल तक ध्यान नहीं दिया। वह 25 साल से एक ही जगह पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास हो रहा है। संपूर्ण भारतवर्ष निर्माणाधीन है। देश का ऐसा विकास देख कर दुनिया हैरान है। मोदी ने गरीबों, महिलाओं और वंचितों के लिए कई योजनाएं बनाई हैं. मुझे दुख है कि यह ओडिशा के लोगों तक नहीं पहुंच सका।' मोदी सरकार ने ओड़िशा को विकास के लिए 18 लाख करोड़ रुपये दिये हैं। मुझे यहां कोई विकास नजर नहीं आता।

हेमा मालिनी ने कहा कि ओड़िशा में डबल इंजन की सरकार होगी, तो तेजी से विकास संभव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को ओड़िशा में भी अवसर दिए जाने चाहिए और उनसे सांसद उम्मीदवार अपराजित षड़ंगी को वोट देने और जीतने के लिए कहा।

# आइआइटी भुवनेश्वर और एनइएक्सएचएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू

## अक्षय ऊर्जा अनुसंधान में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए किया समझौता

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर और चेन्नई स्थित एनइएक्सएचएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड ने 17 मई 2024 को एक समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर, जिसका मुख्य उद्देश्य सतत ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न परियोजनाओं, पहलों और अनुसंधान प्रयासों पर सहयोग करना है।



भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की 'फंड फॉर इम्प्रूवमेंट ऑफ एस एंड टी इंफ्रास्ट्रक्चर (एफआइएसटी)' योजना के तहत, आइआइटी भुवनेश्वर का आधारिक संरचना विद्यापीठ तटीय और नदी तट के कटाव से संबंधित एक विशेष केंद्र स्थापित करेगा, जो मुख्य रूप से तटीय भू-आकृतियों के रूपात्मक पहलुओं, नदी तट की स्थिरता और विभिन्न अपतटीय संरचनाओं से संबंधित खोज और निक्षेपण के मुद्दों से संबंधित अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस समझौते के अनुसार एनइएक्सएचएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड इस केंद्र के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद के लिए आंशिक धनराशि प्रदान करेगा। आईआईटी भुवनेश्वर और नेक्सएचएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड आपसी हित के क्षेत्रों की पहचान करने, संयुक्त अनुसंधान टीमों की स्थापना करने और ज्ञान और संसाधनों के आदान-प्रदान की सुविधा के लिए मिलकर काम करेंगे। उद्योग की अंतर्दृष्टि के साथ अकादमिक विशेषज्ञता को जोड़कर, साझेदारी का लक्ष्य स्केलेबल नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों के विकास और तैनाती में तेजी लाना है जो समाज की बढ़ती जरूरतों को संबोधित करते हैं और एक स्थायी भविष्य में योगदान करते हैं। इस अवसर पर आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपाद करमलकर ने इस सहयोग हेतु उत्साह व्यक्त किया और कहा कि यह सहयोग हमारी सामूहिक विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाते हुए एक हरित और अधिक सतत भविष्य के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की शक्ति का उपयोग करने के हमारे प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। आगे उन्होने कहा कि इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में प्रभावशाली अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दिये जाने की जरूरत है। आइआइटी भुवनेश्वर के आधारिक संरचना विद्यापीठ के प्रमुख प्रोफेसर सुमंत हलदर, डॉ अरिंदम सरकार सहित डॉ टी जोथी सरवनन और अन्य संकाय सदस्यों ने नदी तट कटाव के लिए वर्तमान में केंद्र में किये जा रहे अत्याधुनिक शोध की मात्रा पर जोर देने की बात कही। इस अवसर पर नेक्सएचएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधांशु भूषण पृष्टि ने कहा कि हम सहयोग के लिए नये रास्ते तलाशने और अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आईआईटी भुवनेश्वर के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं। इस अवसर पर आइआइटी भुवनेश्वर और एनइएक्सएचएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड दोनों के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ-साथ गणमान्य व्यक्तियों में प्रो दिनकर पासला, डीन (एसआरआइसी), संकाय सदस्य और उद्योग के अन्य हितधारक भी उपस्थित थे।

# आइडीएस में आयोजित व्यक्तित्व संबंधी नयी सर्जिकल तकनीकों पर दो दिवसीय कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आइएसपी-इंटीग्रेट 2024, पीरियडोंटिक्स और इंप्लांटोलॉजी में नयी सर्जिकल तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करने वाला दो दिवसीय कार्यक्रम, जो इंडियन सोसाइटी ऑफ पीरियडोंटिक्स (आईएसपी) भुवनेश्वर-कटक स्टडी ग्रुप के सहयोग से आयोजित किया गया था, रविवार को यहां इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आइडीएस), शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के दंत विज्ञान संकाय में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में पूरे ओडिशा और पड़ोसी राज्यों से दंत चिकित्सा पेशेवरों और पीरियडोंटिक्स ने भाग लिया, इस कार्यक्रम में प्रो (डॉ) डी. गोपालकृष्णन, आईएसपी के अध्यक्ष प्रो (डॉ) आशीष जैन, आईएसपी के सचिव प्रो (डॉ) सुभाष राज, आईएसपी भुवनेश्वर-कटक अध्ययन समूह के अध्यक्ष प्रो (डॉ) नीता महांति और आईडीएस की डीन और पेरियोडॉन्टिक्स विभाग की प्रमुख प्रो (डॉ) रिंकी महांति ने भाग लिया।

आईएसपी-इंटीग्रेट 2024 का मुख्य आकर्षण सूरत के डॉ मीत शाह द्वारा आयोजित व्यावहारिक कार्यशाला थी, जिन्होंने नरम ऊतक कटाई, ग्राफ्टिंग और टांके लगाने की तकनीक का प्रदर्शन किया। यह संवादात्मक सत्र प्रतिभागियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन के तहत मूल्यवान व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

दिल्ली के डॉ. अमित वधावन ने इस क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर प्रकाश डालते हुए पेरियोप्लास्टिक सर्जरी पर अतिथि व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में एक पैनल चर्चा और एक समस्या-समाधान सत्र भी शामिल था जहां विशेषज्ञों ने सीखने और सहयोग के माहौल को बढ़ावा देने के लिए पेरियोडॉन्टिक्स और इम्प्लांटोलॉजी में आम चुनौतियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को आयोजन के अध्यक्ष डॉ देवप्रतिम महांति और आयोजन के सचिव प्रो (डॉ) अनुराग सतपथि ने संबोधित किया।

इस कार्यक्रम ने डॉक्टरों, छात्रों, संकाय सदस्यों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों सहित विविध दर्शकों को आकर्षित किया। प्रतिभागियों को प्रमुख विशेषज्ञों के साथ जुड़ने और पीरियडोंटिक्स और इंप्लांटोलॉजी में उभरते रुझानों का पता लगाने, सीखने और सहयोग के वातावरण को बढ़ावा देने का अवसर मिला।

# बीजद हिंसा का सहारा ले रही है : मनमोहन सामल

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीजू जनता दल के नेता और कार्यकर्ता अब चुनाव हारने के डर से खून से लथपथ हैं। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, बीजद न केवल भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमला कर रहा है, बल्कि मतदाताओं को डरा भी रहा है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न हिस्सों में जिस तरह से भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमले हो रहे हैं। वह बीजद की गुंडागर्दी को दर्शाता है। बीजद को हारने का डर है। भारतीय जनता पार्टी स्वतंत्र, निष्पक्ष और निरपक्ष चुनाव में विश्वास रखती है। लेकिन बीजद ने अब हिंसा का रास्ता अपना लिया है। उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव हारने का डर है।

# चंदौली मंडल में भाजपा की बैठक



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** कोडरमा लोकसभा के धनवार के तीसरी मंडल चंदौली मंडल में मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक 7 मोर्चा के अध्यक्ष के साथ बैठक पूर्व आइजी लक्षण प्रसाद सिंह ने ली। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी चुन्नीकांत एवं सहसंयोजक अशोक उपाध्याय ने की। आगामी चुनाव हेतु रणनीति बना कर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

# सीबीएसइ परीक्षा का परिणाम जारी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** विवेकानंद शिक्षा केंद्र के विद्यार्थियों ने सीबीएसइ कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता हासिल की। 10वीं कक्षा में 156 छात्रों ने परीक्षा दी और पास हार 100% रही और सुहासिनी परिडा ने 97% अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया है. कक्षा 10 में 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है इसी तरह 12वीं विज्ञान में 445 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी, जबकि पास होने की दर 88% रही। मेघा प्रियदर्शिनी साहू ने 94.6% प्रतिशत के साथ स्कूल में टॉप किया और 16 छात्रों ने 90% प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी।

# खल्लीकोट हत्याकांड की जांच एसआइटी करेगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कटक डीजीपी अरुण कुमार षड़ंगी ने निर्देश दिया है कि एक विशेष जांच दल (एसआइटी) खल्लीकोट हत्या मामले की पूरी तरह से जांच करेगा। पुलिस अब तक हत्या में शामिल 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि बाकी अभियुक्तों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इसके साथ ही डीजीपी श्री षड़ंगी ने यह भी निर्देश दिया कि उनके खिलाफ उचित तथ्य और सबूत एकत्र किए जाएं और इस हत्या के मामले की त्वरित सुनवाई के लिए 30 दिनों के भीतर आरोप पत्र दायर का निर्देश दिया है। जांच टीम समय-समय पर दक्षिणांचल रेंज के आइजी को रिपोर्ट करेगी। इसके अलावा चुनाव पूर्व हिंसा को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राधा किशन शर्मा, आइपीएस छत्रपुर में तैनात रहेंगे और गंजाम जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति की निगरानी करेंगे।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

50% Off on Making Charge
भारी छूट
आकर्षक उपहार
NEW SONI JEWELLERS
GOLD · SILVER · DIAMOND
Opp. Nirwachan Aayog (Election Commission) Ratu Road, Chowk, Ranchi - 01
9199555526560
9194311437222

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
9931068883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

गुमला जिला स्थापना दिवस की जिले वासियों को बधाई
संजय कुमार साहू
जिला-मंत्री
भाजपा जिला-गुमला
सह
प्रदेश उपाध्यक्ष
राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन
झारखण्ड प्रदेश-रांची

गुमला जिला स्थापना दिवस की जिले वासियों को बधाई
शिव प्रसाद साहू
जिला अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, गुमला

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now
Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21